**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 124 लखनऊ, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## यूपी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में 1.60 लाख भर्तियां कीं, योगी आदित्यनाथ ने उपलब्धियों का किया बखान

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों पर जोर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के तहत 1.60 लाख से ज्यादा भर्तियां और सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं शामिल हैं।***




लखनऊ। (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शिक्षा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आदित्यनाथ ने कहा, ष्हमारी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में 1.60 लाख से अधिक भर्तियां सफलतापूर्वक की हैं।ष

सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा और पंकज पटेल द्वारा उठाई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके मुद्दों के महत्व और संवेदनशीलता को स्वीकार किया, लेकिन सदस्यों से सदन की मर्यादा बनाए रखते हुए तथ्य प्रस्तुत करने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक, व्यावसायिक और चिकित्सा शिक्षा सहित शिक्षा क्षेत्र में भर्ती को सुव्यवस्थित करने के लिए एक नया चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, ष्आयोग विभिन्न विभागों से अधियाचन प्राप्त करके भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में 1.60 लाख से अधिक भर्तियां सफलतापूर्वक की हैं जो पद पिछली सरकार के कुप्रबंधन और गलत इरादों के कारण खाली रह गए थे।ष्सीएम ने कहा, ष्2017 से पहले यूपी लोक सेवा आयोग की स्थिति से लोग वाकिफ हैं। एसडीएम के 86 पदों में से 56 पर एक ही जाति के लोग थे। आयोग कार्यालय के बाहर युवाओं ने महीनों तक धरना दिया था।ष्सीएम ने कहा कि एक अयोग्य व्यक्ति को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिसकी डिग्री फर्जी थी और जो पद के लिए अयोग्य था। उसके पास व्याख्याता बनने की योग्यता नहीं थी, उसके पास फर्जी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र और थर्ड डिवीजन के साथ स्नातक की डिग्री थी, फिर भी उसे आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिससे पूरे संगठन और उसके युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सुधार लागू किए हैं। आदित्यनाथ ने कहा, ष्आयोगों और बोर्डों को भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का पूरा अधिकार है, जिसे ईमानदारी के साथ पूरा किया जाना चाहिए।ष

## मुंबई में गेटवे आफ इंडिया के पास नौका पलटने से एक व्यक्तिकी मौत, 21 को बचाया गया, बचाव अभियान जारी

***मुंबई में गेटवे आफ इंडिया के पास बुधवार को यात्रियों को ले जा रही नौका पलट गई, जिसमें एक व्यक्तिकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब नौका गेटवे आफ इंडिया से एलीफेंटा द्वीप जा रही थी।***



नई दिल्ली (एजेंसी) मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को यात्रियों को ले जा रही नौका पलट गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब नौका गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा द्वीप जा रही थी। इस बीच, पुलिस ने बताया कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।नौका में 56 यात्री सवार थे और अब तक करीब 21 को बचा लिया गया है। नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की सहायता से बचाव अभियान अभी चल रहा है। यह घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे हुई और अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और समुद्री पुलिस के बीच समन्वय में बचाव अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में नौसेना की 11 नौकाएं, समुद्री पुलिस की तीन नौकाएं और तटरक्षक बल का एक पोत सक्रिय रूप से क्षेत्र की तलाश कर रहा है। इसके अतिरिक्त, शेष यात्रियों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव (एसएआर) अभियान के लिए चार हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं।

## दिल्ली चुनाव में हरि नगर सीट पर आप का खेल बिगाड़ सकते हैं हरशरण सिंह बल्ली चार बार रह चुके हैं विधायक

***विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक समीकरणों में बड़ा लगातार बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। बीते नबंवर में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सरदार हरशरण सिंह बल्ली अपने बेटे सरदार गुरमीत सिंह बल्ली के साथ एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।***




नई दिल्ली (एजेंसी) दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक समीकरणों में बड़ा लगातार बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। बीते नबंवर में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सरदार हरशरण सिंह बल्ली अपने बेटे सरदार गुरमीत सिंह बल्ली के साथ एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। बल्ली परिवार का यह कदम [illegible] के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है और भाजपा के लिए संभावित रूप से एक मजबूती का संकेत। सरदार हरशरण सिंह बल्ली का दिल्ली की राजनीति में लंबा अनुभव है।भाजपा नेता बल्ली हरि नगर सीट से चार बार विधायक रहे हैं और मदन लाल खुराना की कैबिनेट में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे उद्योग, श्रम, जेल, भाषा, और गुरुद्वारा प्रशासन का कार्यभार संभाल चुके हैं। 2013 में भाजपा से टिकट न मिलने पर उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा और विधानसभा चुनाव लड़ा। जिसमें वे [illegible] उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे। इसके बाद वे 2020 में [illegible] में शामिल हुए थे।

भाजपा में बल्ली की वापसी करीब चार साल बाद हुई है। जनवरी 2020 में उन्होंने तत्कालीन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में भगवा पार्टी छोड़कर आप में शामिल हो गए थे। बल्ली 1993 से 2013 तक हरि नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे और दिल्ली में मदन लाल खुराना की सरकार के दौरान औद्योगिक मंत्री भी रहे।

दिल्ली में उन्हें एक कद्दावर भाजपा नेता और स्वतंत्रता सेनानी परिवार के बेटे और दिल्ली के इतिहास में एकमात्र सिख के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जिन्हें लगातार 4 बार विधानसभा के सदस्य के रूप में चुना गया है और वे दिल्ली नगर निगम के सदस्य रहे हैंऔर दिल्ली में3 मुख्यमंत्रियों मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के अधीन मंत्री के रूप में कार्य किया है। साथ ही वे 6 साल तक आश्वासन समिति के अध्यक्ष भी रहे। पहली विधानसभा के बाद से वे चुनावों में प्रमुख विजेता रहे हैं और 1993 से 2013 तक 20 वर्षों तक विधायक रहे हैं। वे भाजपा सिख सेल के संस्थापक भी थे। वे विश्व पंजाबी संगठन की संचालन समिति के सदस्य हैं।आप के लिए बड़ा झटका विधानसभा चुनाव से पहले [illegible] को बड़ा झटका इस कदम से [illegible] को कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में अपने प्रभाव को बनाए रखने में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। जबकि भाजपा के लिए यह कदम चुनावी तैयारियों में एक मजबूत निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में कटरा बंद का ऐलान

कटरा (एजेंसी) वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद का ऐलान किया है। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों कहा कि होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी, ऑटो चालकों सहित सभी दुकानदार सुबह 11 बजे शालीमार पार्क में एकत्रित होंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस और पीडीपी ने भी समर्थन देने का ऐलान किया है।माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपये की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें अपनी आजीविका के नुकसान का डर है। परियोजना का विरोध कर रहे लोगों का दावा है कि रोपवे कटरा के बाजार को बायपास कर देगा, जिससे तीर्थयात्रियों के आवागमन पर निर्भर हजारों दुकानदारों पर असर पड़ सकता है।

## मत विभाजन के समय लोकसभा से गायब रहे भाजपा के 20 सांसद, पार्टी नेतृत्व नाराज, नोटिस भेजा

**भाजपा ने एक व्हिप जारी करके अपने सभी सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने को कहा था, लेकिन इतने सारे सांसदों की अनुपस्थिति से पार्टी नेतृत्व नाराज है। बताया जा रहा है कि कई सांसदों ने व्यक्तिगत और काम से संबंधित कारणों से अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था।**



नई दिल्ली (एजेंसी) मंगलवार को केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा में एक देश, एक चुनाव संबंधी विधेयक पेश किया गया। इस दौरान हुए मत विभाजन के दौरान भाजपा के करीब 20 सांसद अनुपस्थित रहे जिससे मोदी सरकार की काफी किरकिरी हो रही है। हम आपको बता दें कि इस महत्वपूर्ण समय पर अनुपस्थित रहने वाले सांसदों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गिरिराज सिंह, सीआर पाटिल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और भागीरथ चौधरी के अलावा कई नामी सांसद हैं। भाजपा ने अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को नोटिस भेज कर कारण पूछा है और उनकी अनुपस्थिति की जांच कर रही है।हम आपको बता दें कि भाजपा ने तीन लाइन का एक व्हिप जारी करके अपने सभी सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने को कहा था, लेकिन इतने सारे सांसदों की अनुपस्थिति से पार्टी नेतृत्व नाराज है। हालांकि, बताया जा रहा है कि कई सांसदों ने व्यक्तिगत और काम से संबंधित कारणों से अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था। एक वरिष्ठ नेता ने इस बारे में कहा, "हम उनकी अनुपस्थिति के पीछे के कारणों की निश्चित रूप से जांच कर रहे हैं। कुछ के पास वास्तविक कारण थे।" भाजपा इस बात पर भी गौर कर रही है कि सहयोगी दलों के सांसद किन कारणों से अनुपस्थित रहे थे। दरअसल इस विधेयक को पारित होने के लिए दो तिहाई बहुमत जरूरी है लेकिन अगर भाजपा को अपने सहयोगी दलों का ही साथ नहीं मिलेगा तो इस पर आगे बढ़ना मुश्किल हो जायेगा।जहां तक भाजपा सांसदों की अनुपस्थिति की बात है तो इसके बारे में सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल सहित कुछ सांसद राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक कार्यक्रम में व्यस्त थे। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान भाजपा के सहयोगी दलों के चार से पांच सांसद भी मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस पर भी गौर किया जा रहा है।

## गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए इसी सत्र में सरकर योजनाएं शुरू करे:मायावती

***मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया, "उत्तर प्रदेश में भी गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई आदि से त्रस्त लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिये जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। "***



लखनऊ (एजेंसी) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को विधानसभा के चालू सत्र में कुछ योजनाएं शुरू करनी चाहिए, जिनसे गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहे लोगों को राहत मिल सके।मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया,"उत्तर प्रदेश में भी गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई आदि से त्रस्त लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिये जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। "उन्होंने कहा, इससे इनको कुछ हद तक राहत जरूर मिलेगी। इनकी ओर से पार्टी की यह खघस अपील है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में बसपा का सिर्फ एक सदस्य है।

## दिल्ली के किसी भी अस्पताल में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज : केजरीवाल

नयी दिल्ली (एजेंसी) आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक और योजना का ऐलान करते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को संजीवनी दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत दिल्ली के 60 साल उम्र से अधिक के सभी बुजुर्गों का दिल्ली के किसी भी अस्पताल में मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि दिल्ली के हमारे सभी बुजुर्गों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का इलाज मुफ्त होगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्गों ने ही परिवार को अच्छी शिक्षा दीक्षा देकर इस काबिल बनाया है कि वह आज वह अपना काम कर रहे हैं। लेकिन कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि अस्पतालों में इलाज के अभाव की वजह से बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग बुजुर्गों का इलाज करवाने में कतराते भी हैं क्योंकि काफी पैसा उसमें खर्च होता है।

अरविंद केजरीवाल ने रामायण के एक प्रसंग का उदाहरण देते हुए बताया कि जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए थे तब हनुमान जी उनके लिए संजीवनी लेकर आए थे। आज आम आदमी पार्टी भी दिल्ली के सभी बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना लेकर आई है। जिसके तहत दिल्ली के सरकारी और गैर सरकारी सभी अस्पतालों में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का इलाज फ्री किया जाएगा। इसमें ना कोई अमीर ना कोई गरीब देखा जाएगा और ना ही कोई लिमिट होगी। अरविंद केजरीवाल ने एक जनसभा में यह घोषणा की है जिसमें बड़ी संख्या में दिल्ली के अलग–अलग इलाकों से आए बुजुर्ग मौजूद थे। अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव से पहले एक के बाद एक योजनाओं के पिटारे खोल रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने ऑटो वालों के लिए बीमा और उनकी बेटी की शादी की योजना निकली थी।

## आबेडकर के प्रति नेहरु की नफरत जगजाहिर

### जवाहर लाल नेहरु की चुनिंदा कृतिया के किस संदर्भ का जिक्र कर शाह ने उठाए कांग्रेस की मंशा पर सवाल

***कांग्रेस के आरोपों के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए इतिहास के कुछ तथ्यों का उल्लेख कर ये बताने की कोशिश की है कि बीजेपी नहीं बल्कि कांग्रेस ने ही समय समय पर बाबा साहब का अपमान किया है। वहीं बीजेपी और मोदी सरकार को आबेडकर के सपनों को आकार देने में लगी है। अमित शाह ने इसके लिए इतिहास के कुछ पन्नों को फिर से खोला है।***





समय के हिसाब से सियासत बदलती है और उस सियासत के हिसाब से नायक भी बदले जाते हैं। आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सभी राजनीतिक पार्टियों की जरूरत बन गए हैं। ये इतिहास की वो रस्साकस्सी है जिसमें तमाम शख्सियतों को अपने खेमें में डालने की होड़ में सभी पार्टियां लगी हैं। चाहे वो महात्मा गांधी से लेकर पटेल हों या पटेल से लेकर अंबेडकर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांतो पर चलकर पीएम बनने की बात करते नजर आते हैं। पीएम ने संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वहीं लोकसभा चुनाव के वक्त विपक्ष एक नैरेटिव चलाता है कि बीजेपी सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, और ये बात चुनावी मुद्दा बन गई। पूरे चुनाव में राहुल गांधी ने आरक्षण को मुद्दा बनाया। हर चुनावी रैली में संविधान की कॉपी लेकर भाषण दिया। यहां तक की वो सांसद के तौर पर शपथ लेने गए तो उस वक्त भी उनके हाथों में संविधान की कॉपी नजर आई। उसी संविधान के 75 साल पर संसद में हुई चर्चा में दिए एक बयान ने नया राजनीतिक घमासान खड़ा कर दिया है। अमित शाह के आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस ने मोर्चा खोल रखा है। वहीं बीजेपी की तरफ से इसे विपक्ष की शर्मनाक हरकत मचाकर तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश करने का दावा किया जा रहा है।

कांग्रेस के आरोपों के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इतिहास के कुछ तथ्यों का उल्लेख कर ये बताने की कोशिश की है कि बीजेपी नहीं बल्कि कांग्रेस ने ही समय समय पर बाबा साहब का अपमान किया है। वहीं बीजेपी और मोदी सरकार को आंबेडकर के सपनों को आकार देने में लगी है। अमित शाह ने इसके लिए इतिहास के कुछ पन्नों को फिर से खोला है। अमित शाह ने कहा कि जब संसद में चर्चा चल रही थी, तो यह साबित हो गया कि कांग्रेस ने किस तरह बाबा साहेब अंबेडकर का विरोध किया। किस तरह कांग्रेस ने बाबा साहेब की मृत्यु के बाद भी उनका मजाक उड़ाने की कोशिश की। जहां तक छ्भारत रत्न देने की बात है, कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद को भारत रत्न दिया है। नेहरू जी ने 1955 में खुद को भारत रत्न दिया, इंदिरा गांधी ने 1971 में खुद को भारत रत्न दिया और बाबा साहेब को 1990 में भारत रत्न मिला, जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं थी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित सरकार थीष अंबेडकर के प्रति नेहरू की नफरत जगजाहिर है।

# नए विश्वविद्यालयों और विदेशी विश्वविद्यालय के परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा - योगेन्द्र उपाध्याय

## उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों को मिली मंजूरी

लखनऊ (संवाददाता)। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले चार विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इन विधेयकों के तहत राज्य में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को शैक्षिक हब बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उच्च शिक्षा क्षेत्र में यह सुधार राज्य की छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। नए विश्वविद्यालयों और विदेशी परिसरों के माध्यम से छात्रों को उनके गृह राज्य में ही विश्व स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विदेशी विश्वविद्यालय के आने से प्रदेश के छात्रों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, उन्हें उच्च स्तरीय शिक्षा अपने प्रदेश में ही अब सस्ती और सहज मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी तक उत्तर प्रदेश में ही रजिस्टर्ड संस्थायें यहाँ पर विश्वविद्यालय स्थापित कर सकती थी परन्तु अब इस नये संशोधन विधेयक द्वारा किसी भी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड संस्थायें, कम्पनियाँ, ट्रस्ट जिनका ट्रैक रिकार्ड भी अच्छा हो, उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए अर्ह होगें। यदि यूजीसी द्वारा विदेशी विश्वविद्यालय जिनको उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता दी जाती है तो ऐसी संस्थाये भी उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेगी।यह विधेयक प्रदेश के छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के साथ–साथ स्थानीय और वैश्विक स्तर पर रोजगार और शोध के अवसरों को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल नए विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश में उच्च शिक्षा को सुलभ और उन्नत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 12 सन् 2019) में संशोधन किया गया है। इसके तहत विद्या विश्वविद्यालय मेरठ, विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इन विश्वविद्यालयों की स्थापना से न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश में वैश्विक स्तर की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, में, धारा 2 के खण्ड (कक) में उप खण्ड (तीन) के पश्चात उप खण्ड बढ़ा दिया जायेगा अर्थात

(चार) अन्य राज्यों के अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी सोसाइटी अथवा सार्वजनिक न्यास अथवा किसी कम्पनी से है। अधिनियम की धारा 2 और धारा 7 (क) में संशोधन किया गया है। यह संशोधन विदेशी विश्वविद्यालयों को उत्तर प्रदेश में अपने परिसर स्थापित करने की अनुमति प्रदान करता है। इस प्रावधान को लागू करने के लिए राज्यपाल द्वारा 14 नवंबर, 2024 को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (नौवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 जारी किया गया था, जिसे अब विधानसभा ने स्वीकृति दे दी है।

# ओपन स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024 बालक एवं बालिका का समापन ।

लखनऊ । गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कालेज ऐशबाग लखनऊ में चल रही तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य श्री अलोक कुमार मिश्र जी और वॉलवोरीन फूड लिमटेड के हेड मार्केटिंग सेल श्री संजय भारती जी द्वारा किया गया। स्कूली खेलो के स्तर को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी कालेज ने एक अच्छी शुरुआत के साथ कई खेल मैदान तैयार किए।



प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लखनऊ के विभिन्न स्कूलों से लगभग १०० खिलाड़ियों व साथ ही अन्य जिले कानपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, अम्बेडकर नगर के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया।

टीम इवेंट बालक वर्ग में प्रथम स्थान एल पी इस साउथ सिटी
द्वितीय स्थान जी एन एल डी रस्तोगी इंटर कालेज
टीम इवेंट बालिका वर्ग में प्रथम स्थान जी एन एल डी रस्तोगी इंटर कालेज द्वितीय स्थान लामार्टिनियर गर्ल कॉलेज
एकल बालक में प्रथम गौस मोहम्मद जी एन एल डी रस्तोगी
द्वितीय स्थान वत्सल मिश्र एस के डी स्कूल,
एकल बालिका में गौसिया ईसा बेला लालबाग,
द्वितीय शानवी सिंह स्टेला मैरी
युगल बालक में प्रथम
द्वितीय
युगल बालक में प्रथम आदित्य कुमार और दीपक सहगल
द्वितीय हिमांश राज और गौस मोहम्मद
युगल बालिका में प्रथम शानवी सिंह और समृद्धि
द्वितीय सांची सिंह और वैष्णवी पल

# लघु सिंचाई योजनाओं, जल निकायों एवं मध्यम व वृहद सिंचाई योजनाओं आदि की संगणना प्रदेश के लिए अति महत्वपूर्ण -प्रभाष कुमार

लखनऊ (संवाददाता)।लघु सिंचाई योजनाओं, जल निकायों एवं मध्यम व वृहद सिंचाई योजनाओं आदि की संगणना प्रदेश के लिए अति महत्वपूर्ण है। उ0प्र0 सहित उत्तराखण्ड, दिल्ली, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ से आये प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्ष 2022–23 को आधार मानकर की जाने वाली संगणना पूर्ण शुद्धता के साथ की जानी आवश्यक है, जिससे कि विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा इसका उपयोग नवीन परियोजनाओं में किया जा सके एवं प्रदेश की कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो सके। उक्त विचार भ्वजमस त्महमदजं ब्वदमितमदबम ींसस्ए स्नबादवू में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई), प्रभाष कुमार ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि लघु सिंचाई योजनाओं की 7 वीं संगणना एवं जल निकायों की द्वितीय संगणना लघु सिंचाई विभाग द्वारा की जानी है, जबकि वृहद व मध्यम सिंचाई योजनाओं तथा स्प्रिंग संगणना का कार्य सिंचाई विभाग द्वारा सम्पन्न कराया जाना है।अपर महानिदेशक, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार अजय बक्शी द्वारा प्रस्तावित संगणना की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये बताया कि उक्त संगणना कार्य मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जायेगा एवं उक्त कार्य 06 माह के अन्दर पूर्ण किया जायेगा।उप महानिदेशक, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार, प्रियंका कुलश्रेष्ठ ने संगणना की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुये पूर्व में की गयी संगणना के अनुभव पर विशेष ध्यान दिये जाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि संगणना कार्य को समय से पूर्ण किया जाना हमारी विशेष प्राथमिकता है।सिंचाई विभाग के मुख्य अभियन्ता एस0पी0 सिंह ने बताया कि मध्यम और वृहद सिंचाई योजनाओं की संगणना सिंचाई विभाग द्वारा की जानी है। यह आवश्यक है कि संगणना के समय कार्मिकों द्वारा संगणना के साथ–साथ जल के दुरूपयोग को रोकने एवं जल संरक्षण को बढ़ाने हेतु जन जागरूकता भी पैदा की जाय। मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग एवं संगणना आयुक्त रमाकान्त तिवारी ने पूर्व में की गयी संगणनाओं पर प्रकाश डालते हुये लघु सिंचाई योजनाओं की 7 वीं संगणना के गुणवत्तापरक होने एवं समय से संगणना कार्य किये जाने पर बल दिया गया, जिससे कि सिंचन क्षेत्र में उन आंकड़ों का उपयोग करते हुये प्रदेश के किसानों को और भी अधिक लाभ प्रदान किया जा सके। उक्त त्रिदिवसीय कार्यशाला में आये आगन्तुकों का स्वागत उप निदेशक, सांख्यिकीय सेल, सुवेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। मंच का संचालन एस0पी0 वास्तव, सांख्यिकीय तकनीकी सहायक एवं धन्यवाद ज्ञापन सी0के0 चौधरी, निदेशक, लघु सिंचाई एवं जल प्रयोग, प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भारत सरकार सहित अन्य प्रदेशों के अधिकारी व प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।

# यूपी रुद्र ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध हाकी विरासत का सम्मान करते हुए अपनी जर्सी का अनावरण किया

लखनऊ, । यूपी रुद्र ने आज शहर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए अपनी जर्सी लॉन्च की। इस कार्यक्रम में यूपी रुद्र के सितारे हार्दिक सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शारदा नंद तिवारी और सिमरनजीत सिंह मौजूद थे। यह टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि वे लीग में अपने पहले सीजन की तैयारी कर रहे हैं, जो सात साल बाद वापस आ रही है। जर्सी उत्तर प्रदेश की गहरी हॉकी विरासत और भारतीय हॉकी में राज्य के योगदान का जश्न मनाती है।उत्तर प्रदेश ने देश को कुछ महान हॉकी दिग्गज दिए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद और केडी सिंह बाबू शामिल हैं, जिनकी विरासत आज भी खिलाड़ियों को प्रेरित करती है। नारंगी और नीले रंग की जर्सी इस गौरवशाली परंपरा का प्रतिबिंब है, जो टीम को आगे बढ़ाने वाले जुनून और एकता का प्रतीक है। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ष्हॉकी इंडिया लीग जल्द ही शुरू होने वाली है और यह आयोजन भारतीय हॉकी के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। मैं इस जर्सी को पहनकर मैदान पर उतरने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यूपी की जर्सी पहनना वाकई गर्व की बात है क्योंकि खेल के प्रति राज्य का योगदान बहुत बड़ा है। लखनऊ को नवाबों के शहर के रूप में जाना जाता है और हमारी टीम का नाम खूबसूरती से 11 रुद्रों का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें सबसे शक्तिशाली के रूप में सराहा जाता है– और हम यूपी रुद्रों को एचआईएल खिताब जीतने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली लड़ाई लड़ने के लिए उत्सुक हैं।ष जर्सी का नारंगी रंग 11 रुद्रों की ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जबकि नीला रंग लचीलापन और टीम वर्क को दर्शाता है। हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर को शुरू होगी जिसमें यूपी रुद्रों का सामना 30 दिसंबर को वेदांत कलिंगा लांसर्स से होगा। यदु स्पोर्ट्स के बारे मेंरू यदु इंटरनेशनल लिमिटेड (ल्प्स्) द्वारा स्थापित यदु स्पोर्ट्स भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो जमीनी स्तर पर विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

# लखनऊके डीएम सूर्यपाल गंगवार सहित सात आईएएस बनेंगे प्रमुख सचिव

## डीपीसी में 150 आईएएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन



लखनऊसंवाददाता प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कल हुई डीपीसी में154 आईएएस अफसरों को पदोन्नति, सलेक्शन ग्रेड व कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान देने पर विचार विमर्श हुआ। चार नामों के अलावा सभी पर सहमति बन गई। 2000 बैच के आठ आईएएस अफसरों में सात को प्रमुख सचिव बनाने पर सहमति बनी है। एक के खिलाफ विभागीय जांच चलने की वजह से उस पर विचार नहीं किया गया। जांच के चलते तीन अन्य आईएएस को पदोन्नति देने पर सहमति नहीं बन पाई। एक आईएएस अफसर निलंबित हो चुके हैं और दो अन्य के खिलाफ जांच चल रही है। पदोन्नति एक जनवरी से लागू होगी।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई डीपीसी में सबसे पहले 2000 बैच के आठ आईएएस अफसरों के नामों पर विचार किया गया। लगातार 25 साल की सेवा करने पर सचिव से प्रमुख सचिव बनाया जाता है। इस बैच में सौरभ बाबू, दीपक अग्रवाल, अमित गुप्ता, मनीष चौहान, धनलक्ष्मी के, रंजन कुमार, अनुराग यादव और रणवीर प्रसाद हैं। इनमें एक नाम को छोड़कर अन्य को पदोन्नति देने पर सहमति बनी। 2009 बैच के 40 अफसरों को विशेष सचिव से सचिव बनाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसमें सुभ्रा सक्सेना, सूर्यपाल गंगवार, अदिति सिंह, डा. रूपेश कुमार, अनुज कुमार झा व माला श्रीवास्तव हैं। इसी बैच के डा. नितिन बंसल, मसूम अली सरवर, विजय किरण आनंद, भानु चंद्र गोस्वामी, प्रकाश बिंदु, एस राजलिंगम, विवेक, भूपेंद्र एस चौहान, वैभव श्रीवास्तव, अजीत कुमार, बृजेश नारायण सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, रमाकांत पांडेय, अनुराग पटेल, आनंद कुमार सिंह द्वितीय, राम केवल, राजेश कुमार द्वितीय, मार्कंडेय शाही, अविनाश कृष्ण सिंह, राजेश प्रकाश, प्रमोद कुमार उपाध्याय, जगदीश, डा. अखिलेश कुमार मिश्रा, डा. अनिल कुमार, इंद्र विक्रम सिंह, डा. हीरालाल, शैलेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह द्वितीय, अमर नाथ उपाध्याय, डा. अनिल कुमार सिंह, साहब सिंह, मानवेंद्र सिंह, अटल कुमार राय, नरेंद्र प्रसाद पांडेय हैं। 2012 बैच के 51 अफसरों को लगातार 13 साल की सेवा पर सलेक्शन ग्रेड, वर्ष 2016 बैच के 38 अफसरों को लगातार नौ साल की सेवा पर कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान और चार साल की सेवा करने वाले वर्ष 2021 बैच के 17 आईएएस अफसरों को 6600 ग्रेड पे देने पर सहमति बनी है।

# गोल्डन कार्ड वाले किसानों की चांदी, बड़ा फायदेमंद,न बनवाने पर होगा बड़ा नुकसान

लखनऊ संवाददाता। किसानों के लिए गोल्डेन कार्ड बड़ा फायदेमंद साबित होगा।न बनवाने पर नुकसान भी बहुत हैं। कृषि विभाग कैंप लगाकर किसानों के गोल्डन कार्ड बनाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कर रहा है। इसके बाद विभाग किसानों को गोल्डन कार्ड देगा।इससे किसानों को कई सुविधाएं मिलेंगी। कृषि विभाग ने 1 दिसंबर से कैंप लगाना शुरू किया है। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। उनको अभी गोल्डन कार्ड जारी नहीं किए गए हैं।अधिकारियों की माने तो रजिस्ट्री का आंकड़ा बढ़ने पर किसानों को गोल्डन कार्ड जारी करना शुरू होगा। फार्मर रजिस्ट्री करवाने वाले किसानों को फिलहाल एक यूनिक आईडी नंबर दिया जा रहा है।योजना के तहत गोल्डन कार्ड पर यही यूनिक आईडी नंबर अंकित होगा। कृषि विभाग के शिविरों के अलावा किसान मोबाइल और जन सुविधा केंद्र से भी फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। किसानों और उनके खेतों की जानकारी रखने के लिए कृषि विभाग फार्मर रजिस्ट्री करवा रहा है। खसरा खतौनी को आधार कार्ड से लिंक किया जा रहा है। खसरा खतौनी, आधार और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर से ही फार्मर रजिस्ट्री की जा रही। एक दिसंबर से शुरू की गई योजना को लेकर बहुत से किसानों में भ्रम है।फार्मर रजिस्ट्री करवाकर गोल्डन कार्ड बनाना सभी किसानों के लिए अनिवार्य है। रजिस्ट्री नहीं करवाने वाले किसानों को इस तिमाही की सम्मान निधि नहीं दी जाएगी। गोल्डन कार्ड नहीं होने पर किसानों को अन्य सरकारी सुविधाएं लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कृषि विभाग जनवरी तक ही कैंप का आयोजन कर किसानों की रजिस्ट्री करेगा। इसके बाद किसानों को मोबाइल और जनसुविधा केंद्र से रजिस्ट्री करवानी होगी। गोल्डन कार्ड जारी होने से किसानों को किसी योजना का लाभ लेने के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे ही सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। महज एक दिन के अंदर बैंक से ऋण मिल जाएगा। प्राकृतिक आपदा होने पर किसानों के नुकसान की जानकारी विभाग को हो सकेगी जिससे भरपाई जल्द हो सकेगी।फार्मर रजिस्ट्री के जरिये किसानों का पूरा लेखा–जोखा कृषि विभाग के पास अपडेट हो जाएगा।राम जतन मिश्र, कृषि उपनिदेशक रामजतन मिश्र के मुताबिक कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। इसके बाद किसानों को गोल्डन कार्ड जारी होंगे,इससे कई तरह के लाभ मिलेंगे।

# इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स, आर्ट्स एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता 'सैम–2024' का भव्य उद्घाटन

लखनऊ, 19 दिसम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं अयोध्या रोड कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्ट्स, आर्ट्स एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (सैम–2024) का भव्य उद्घाटन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डा. रतन कुमार, डीन एवं प्रिन्सिपल, कालेज ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट, लखनऊ यूनिवर्सिटी ने दीप प्रज्वलित कर सैम–2024 का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने देश–विदेश से पधारे छात्रों व टीम लीडरों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रदर्शित की।उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि डा. रतन कुमार ने कहा कि विश्व आज एक वैचारिक क्रान्ति के दौर से गुजर रहा है, ग्लोबलाइजेशन हो रहा है और नये–नये विचारों का आदान–प्रदान हो रहा है। ऐसे में, यही वह समय है जब हमें इस नयी पीढ़ी को रचनात्मक विकास हेतु प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि समेत उपस्थित गणमान्य अतिथियों, छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय समारोह न सिर्फ बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को नया आयाम देगा अपितु उन्हें एक वैश्विक सोच भी प्रदान करेगा।इससे पहले, सी.एम.एस.. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में विभिन्न देशों से पधारे प्रतिभागी छात्रों व टीम लीडरों ने इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह पर दिल खोलकर पत्रकारों से चर्चा की। सैम–2024 की संयोजिका एवं सी.एम.एस. इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री कोमल वलेचा ने इस अवसर पर कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह का उद्देश्य छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के साथ ही उनमें एकता व सामन्जस्य की भावना का विकास करना है। सी.एम.एस. अयोध्या रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या एवं सैम–2024 की संयोजिका सुश्री नूपुर डावरा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह के आगामी चार दिनों में कई रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगितायें की आयोजित की जायेंगी।



# नारायणा हेल्थ सिटी जटिल हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण मामलों में अग्रणी

लखनऊ। नारायणा हेल्थ सिटी, जो उन्नत कार्डियोथोरेसिक देखभाल और अंग प्रत्यारोपण में एक प्रमुख नाम है, ने आज लखनऊ में एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर चार प्रमुख चिकित्सकों, डॉ. अदिति सिंहवी, डॉ. सैयद तौसीद, डॉ. बगीरथ आर, और डॉ. जूलियस पुनन ने दो जटिल केस स्टडीज पर चर्चा की, जो संस्थान की रोगी देखभाल, अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार, और अंग प्रत्यारोपण की जटिलताओं में उत्कृष्टता को उजागर करते हैं।

पहला केस एक 66 वर्षीय पुरुष रोगी का था जो कानपुर से था। इस रोगी को एंजियोप्लास्टी (।दहपवचसंजल) कराई गई थी, लेकिन उसके इजेक्शन फ्रैक्शन (मरमबजपवद तिंबजपवद) में गंभीर कमी (25ः) बनी रही, जिसके कारण वह कार्य नहीं कर पा रहे थे और बार–बार अस्पताल में भर्ती होने की समस्या थी। एक पूरी जांच के बाद, डॉ. अदिति सिंहवी की अगुवाई में नारायणा हेल्थ सिटी, बेंगलुरु के एडल्ट हार्ट फेलियर और ट्रांसप्लांट कार्डियोलॉजिस्ट की मेडिकल टीम ने यह निष्कर्ष निकाला कि रोगी को हार्ट ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, रोगी को हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए उम्मीदवार के रूप में पंजीकृत किया गया। अक्टूबर 2023 में एक उपयुक्त दाता मिलने पर, ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। आज, एक साल से अधिक समय बाद, रोगी ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और एक स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी रहे हैं। डॉ. सिंहवी और नारायणा हेल्थ के अन्य विशेषज्ञ, डॉ. बगीरथ आर, डॉ. वरुण शेट्टी, डॉ. जूलियस पुनन, और डॉ. कुमारन टी ने ट्रांसप्लांट सर्जरी में शामिल जटिलताओं और ऐसे गंभीर मामलों में पोस्ट–ऑपरेटिव देखभाल के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

डॉ. सिंहवी ने कहा, ष्यह हमेशा अत्यधिक संतोष का पल होता है जब हम देखते हैं कि हमारे रोगी इस प्रकार की उच्च–जोखिम प्रक्रियाओं के बाद फल–फूल रहे हैं।ष उन्होंने कहा, ष्हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए विस्तृत योजना की आवश्यकता होती है, लेकिन एक समर्पित टीम और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ हम रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान कर सकते हैं।ष्रोगी, श्री राजेश कुमार (गोपनीयता के लिए नाम बदला गया) ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहारू ष्जब मुझे पहली बार अपनी स्थिति के बारे में पता चला, तो मैं निराश हो गया। लेकिन नारायण हेल्थ सिटी की टीम की बदौलत मुझे जीवन का दूसरा मौका मिला। प्रत्यारोपण ने मेरे स्वास्थ्य को पूरी तरह से बदल दिया है। मैं अब वो सब करने में सक्षम हूँ जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से कर सकूंगा।"

प्रस्तुत किया गया दूसरा मामला 30 वर्षीय महिला सुश्री आयशा मलिक (गोपनीयता के लिए नाम बदला गया) का था, जिसे जन्मजात दिल की बीमारी का पता चला था जिसे आंशिक असामान्य पल्मोनरी वेनस कनेक्शन (पीएपीवीसी) के साथ साइनस वेनोसस एट्रियल सेप्टल दोष के रूप में जाना जाता है। इस स्थिति ने जीवन–धातक जटिलताओं को जन्म दिया था।

सुश्री मलिक को बार–बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और उन्हें खून की खांसी भी होती थी। ऑक्सीजन थेरेपी और चिकित्सा हस्तक्षेप के साथ प्रारंभिक प्रबंधन के बावजूद, उनकी स्थिति की गंभीरता बढ़ती गई, जिससे चिकित्सा टीम ने संयुक्त हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण की सिफारिश की। जनवरी 2023 में उन्हें प्रत्यारोपण के लिए सूचीबद्ध किया गया था और दिसंबर 2023 में, उन्हें दोनों अंगों के लिए उपयुक्त दाता प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।प्रत्यारोपण सफल रहा और आज सुश्री मलिक ठीक हैं। डॉ. बाशा जे. खान, वरिष्ठ सलाहकार निदेशक, नारायण हेल्थ सिटी, बेंगलुरु, जो उनकी देखभाल में करीब से शामिल थे, ने अंतिम चरण की बीमारी वाले रोगियों में प्रारंभिक पहचान और संयुक्त हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण के जीवन–रक्षक प्रभाव के महत्व पर जोर दिया।

# विधानसभा घेराव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव ने ली चुटकी

लखनऊसंवाददाता यूपी कांग्रेस के विधानसभा घेराव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सपा में फूट हो चुकी है। संभल मामले में भी दो धाराओं में सपा कांग्रेस बंटे नजर आ रहे हैं।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को विधानसभा सत्र में भाग लेने से पहले पत्रकारों से कहा कि सपा कह रही है कि लोकसभा चुनाव में जीत उनके कारण मिली है। कांग्रेस का कहना वह उनके कारण जीते हैं। दोनों अपने अपने महत्व को दर्शाना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस मुक्त उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी का समाप्तवादी होना तय हैं। इसलिए 2027 में 2017 की तरह ही भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। प्रदर्शन खोखला है। न इनके पास कोई नेता है न ही नीति।सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए मांग की है संभल घटना के दौरान जो उनके ऊपर एफआईआर है, उसे हटाया जाए क्योंकि वह घटना के दौरान मौजूद नहीं थे। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय का दरवाजा कोई भी खटखटा सकता है। इस पर कोई टिप्पणी नहीं है लेकिन तथ्य इस प्रकार मिले हैं कि सपा सांसद विधायक सपा के दंगाई कार्यकर्ता संभल मामले में दोषी हैं तो जांच के अनुसार उन पर कठोर कार्रवाई होगी। कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें अपनी बात रखने और प्रदर्शन करने का अधिकार है।

# बिजली के निजीकरण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में छिड़ी जंग

लखनऊ संवाददाता उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के आज तीसरे दिन सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई और विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर बिजली के निजीकरण के मुद्दे को लेकर सवाल उठाए। सपा ने कहा कि हमारी सरकार में बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ था। इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम हुआ था। आज निजीकरण किया जा रहा है। इससे बिजली महंगी हो जाएगी। ऊर्जा विभाग पर सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने 17 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया। भाजपा की सरकार ने उसे डबल तक नहीं किया। ट्रांसफार्मर बदलते है ,अगले पल खराब हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी की देन है कि प्रदेश में बिजली है और आप उसके सहारे काम कर पा रहे है।

# मानवता के लिए करें विज्ञान का उपयोगः डा. ओम प्रकाश गुप्ता

## -एसएसवी इंटर कालेज में 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आगाज

अयोध्या (एजेंसी)। कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। उसका क्रियान्वयन महत्वपूर्ण होता है। जो भी कार्य करें उसको बेहतर करने का प्रयास करें क्योंकि हमेशा वर्तमान ही इस पृथ्वी पर श्रेष्ठ होता है। विज्ञान से कई कार्य पूर्ण हुए हैं लेकिन विज्ञान का उपयोग मानवता के लिए होना चाहिए।

यह बात देवीपाटन मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशकध्अयोध्या मंडल के उप शिक्षा निदेशक डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने कही। वह राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज की ओर से जिले के एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर कोई भी परिपक्व नहीं होता। जन्म से लेकर मृत्यु तक व्यक्ति सीखता ही रहता है। यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। विज्ञान उसमें परिपक्वता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हालात कैसे भी हों, कितना ही विपरीत हों। उस हालत में जीवन जीना चाहिए। जीवन जीने की कला जानकर और वर्तमान को आत्मसात करके जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह जरूर है कि भविष्य की संभावनाओं में विज्ञान साथ दे सकता है। लेकिन मानवता उसको पूरक बनाती है। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि 18 मंडलों के लगभग 504 बाल वैज्ञानिक इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे हैं। जो अपने क्रियाकारी और स्थिर प्रदर्श के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सहज प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने प्रदर्श के माध्यम से विज्ञान प्रदर्शनी के विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर मानव उत्थान व राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना को प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्श नवाचार का माध्यम बनेगा। धन्यवाद व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पवन कुमार तिवारी ने विज्ञान की आवश्यकता और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विज्ञान वर्तमान में मानव जीवन के लिए खतरा बन गया है। ऐसे में विज्ञान का उपयोग श्रेष्ठ की संरचना में करने की योजना बनाई जानी चाहिए। जिससे विज्ञान मानव का कल्याण करें और समाज का प्रतिनिधित्व करे। इनके पहले मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडलध्उप शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. गुप्ता ने प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन किया। उन्होंने राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान की पत्रिका का भी विमोचन किया। जिला विद्यालय डॉ. तिवारी, एसएसबी इंटर कॉलेज की प्रबंधक सुश्री शची मेहरोत्रा, प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान की प्रोफेसर ममता द्विवेदी ने मुख्य अतिथि को बुके भेंटकर उनका स्वागत और बैज अलंकरण किया। एसएसबी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मेथाडिस्ट मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज और साहबदीन राम सीताराम बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानन्द पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान के प्रो. मंजूषा गुप्ता, अरविंद कुमार सुदामा, एसएसवी इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रबंध समिति व शिक्षक अभिभावक संघ के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक – शिक्षिकाएं और बाल वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# शहीद स्मारक पर 1971 के जांबाज शूरवीरों का हुआ संगम

## -बलिदानी वीर सैनिकों को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि



अयोध्या (एजेंसी)। सैन्य शहीद स्मारक सेवा ट्रस्ट अयोध्या द्वारा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व पुलिस उपाधीक्षक के निर्देशन में 1971 भारत–पाक युद्ध के विजय दिवस पर अमर जवान मंगल पाण्डेय चौक स्थित शहीद स्मारक पर 1971 के जांबाज शूरवीरों का संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम 1971 के अमर बलिदानियों को वीर नारी गंगोत्री पाण्डेय पत्नी अमर बलिदानी मदन गोपाल पाण्डेय (नौसेना), वीरनारी ज्ञानमती यादव के साथ शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि राम चरित्र पाण्डेय प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय अयोध्या, व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रीतम सिंह नत पूर्व पुलिस अधीक्षक ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश सिंह नाहर ने किया।ज्ञातव्य हो कि 1971 के युद्ध में जिले के अमर बलिदानी शोभनाथ पाठक, नरसिंह नारायण, आनन्द प्रकाश तिवारी, मदन गोपाल पाण्डेय (नौसेना), जगदम्बा प्रसाद यादव ने अपनी शहादत देकर देश और सेना का नाम रोशन किया था। मुख्य अतिथि रामचरित्र पाण्डेय प्रधानाचार्य द्वारा 1971 के जांबाज सूर्यवीर कैप्टन डी0पी0 तिवारी, कै0 डी0के0 उपाध्याय, कै0 कल्पनाथ सिंह, सूबेदार मेजर शिवशंकर सिंह, राधिका चन्द्र श्रीवास्तव, सूबेदार इतकाद हुसैन, सूबेदार ओम प्रकाश यादव, नायब सूबेदार, नन्द बहादुर सिंह, नायब सूबेदार अम्बिका सिंह, हवलदार राधेश्याम श्रीवास्तव, नायक मिर्जा मन्सूर हुसैन, नायक परसुराम सिंह, नायक बाबूराम सिंह व नायक अब्दुल वजूद (कारगिल) को अंगवस्त्र व शौर्यसम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समिति के सदस्य पंकज गुप्ता जिनका पुत्र प्रतीक गुप्ता का सेना के अधिकारी के रूप में चयन हुआ है। उसका भी सम्मान स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस शूरवीर संगम में जांबाजों ने युद्ध के अपने–अपने अनुभव बताया कि किस तरह जंगल और पहाड़ो के बीच हम लोगों ने दुश्मनों से दो–दो हाथ किये है न खाने की चिंता थी और न परिवार की चिंता सिर्फ दुश्मन पर विजय प्राप्त करने का एक जज्बा होता था। हमनें 93000 पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया और दुनिया के इतिहास में देश और सेना का नाम ऊँचा किया, हमारे सैकड़े साथी भारत माता के लिए बलिदान हो गये। आज हम उन्हें याद कर भाव विभोर हो जाते है। अब भी हमारा जज्बा कम नहीं है दुश्मन से दो–दो हाथ करने के लिए हम तैयार रहते है। हमारी तत्कालीन सरकार ने पाकिस्तान के 93000 फौजियों को वापस कर दिया लेकिन हमारे 54 सैनिकों का आज तक कोई पता नहीं चला। हम भारत से मांग करते है कि हमारे उन साथियों के बारे में पाकिस्तान से जवाब मांगे। अंत में हमारे जांबाज शूरवीरों ने अपने अमर बलिदानियों को दीप जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद शर्मा वरिष्ठ सदस्य, बलराम विश्वकर्मा, दिलीप यादव पूर्व पार्षद, कवीन्द्र साहनी महासचिव, सूबेदार मेजर आर0पी0 शुक्ला, नायब सूबेदार दलजीत सिंह, सचिन शरीन, रूही खान, सुमिता यादव, सुषमा श्रीवास्तव, रमेश आर्या, सुनील सिंह, रेखा श्रीवास्तव एडवोकेट, परमजीत कौर, परमिन्दर कौर, ओम प्रकाश सैनी पत्रकार, रमेश भारद्वाज, प्रीती श्रीवास्तव, केतकी निषाद, सुमन दूबे, कमल किशोर अग्रहरि, सैयद सहालम, पंकज गुप्ता, आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# माझा जमथरा के किसानों को मिला भाकियू का साथ, समस्या समाधान के लिए लगाई पंचायत

## -पंचायत में भरी हुंकार, समाधान नहीं हुआ तो सीधे घेरेंगे लखनऊ विधानसभा
## -मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम के माध्यम से मजिस्ट्रेट को दिया
## -बिना नोटिस दिए नजूल घोषित कर दिया गया किसानों की जमीन



अयोध्या (एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में सदर तहसील के तिकोनिया पार्क में संपन्न हुई। जिसमें माझा क्षेत्र के गांवों के किसानों को बगैर मुआवजा व कानूनी प्रक्रिया का पालन किए सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर नाराजगी जताई गई है।

किसान पंचायत का संचालन भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किया। अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से मजिस्ट्रेट को दिया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि समस्याओं का सर्वमान्य समाधान न हुआ तो सीधे विधानसभा का घेराव किया जाएगा। भाकियू जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि मांझा जमथरा के किसानों की जमीन 1984 से सर्वे बंदोबस्त नहीं हुआ। 16 अप्रैल 2014 को अवैधानिक रूप खातेदारों की जमीन बिना नोटिस दिए नजूल घोषित कर दिया गया। कई रिट में उच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया किंतु आज तक अवैध इंद्राज बने हुए हैं।तहसील सदर की तिकुनिया पार्क में हुई किसान पंचायत में सदर तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी ने ज्ञापन लिया और एक हफ्ते में जिला अधिकारी से किसानों की बात कराने को कही।

किसान नेताओं का कहना है कि माझा के किसानों की जमीन पर जबरदस्ती फोरलेन, परिक्रमा मार्ग व सीताझील का क्रियान्वयन चालू कर दिया गया है। मांझाबरहटा में आवास विकास परिषद व भूमि अध्यप्त द्वारा अधिग्रहण 1894 के कानून के तहत किया जा रहा है जो वैधानिक नहीं है। एक्ट 2013 के तहत ही किसान की जमीन का अधिग्रहण होना चाहिए। अगर हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हुई, किसानों का अगर उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो हम लोग धरना प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे। जिसके बाद सीधे विधानसभा को घेरने का काम करेंगे।पंचायत में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजमणि यादव मोहम्मद इस्लाम राजू बाबा जेपी किसान सुनील यादव रोहित यादव अजय यादव राम सुरेश गगन जायसवाल सत्यनारायण यादव सूरज यादव महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या राजरानी लक्ष्मी जनक लली लीलावती ज्ञान देवी संगीता आदि सैकड़े किसान मौजूद रहे।

# विधानसभा घेराव के पूर्व युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तिवारी साथियों के साथ गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर कल 18 दिसंबर को होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता न पहुंचे इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस के दम पर कार्यकर्ताओं को दबाने का प्रयास कर रही है। यह कार्रवाई लोकतंत्र के मूल्यों के विरुद्ध है और कांग्रेस पार्टी इसकी निंदा करती है।थाना कुमारगंज पुलिस ने आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस संजय तिवारी को अपने साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अमानीगंज तेज वाली पांडे, सोशल मीडिया के प्रदेश कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र पांडे, किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिनेश शुक्ला, लोकसभा कोऑर्डिनेटर अमरीश पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह विकी शामिल हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद सभी को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार की तानाशाही को दर्शाती है और लोकतंत्र के मूल्यों को खतरे में डालती है। संजय तिवारी ने पुलिस की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताया और कहा कि पुलिस के बल पर दमन और किसी भी आंदोलन को दबाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। यह लोकतंत्र की हत्या है। कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं के साथ उनके अधिकारों और हक के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी।

# गहमागहमी के बींच शांतिपूर्ण निपटा फैजाबाद बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव

अयोध्या (एजेंसी)। भारी गहमागहमी व शोर शराबे के बींच फैजाबाद बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। चुनाव कचेहरी स्थित आचार्य नरेन्द्रदेव सभागार में सुबह 8 बजे से शुरू हुआ जो शाम 5 बजे तक चला। रिर्टनिंग आफिसर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जोखू प्रसाद तिवारी ने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव में मंगलवार को 89 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके पश्चात मत पेटिका को सील कर दिया गया है। साथ ही प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष व महामंत्री समेत 12 पदों के प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिका में कैद हो गया है। मतगणना बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच आचार्य नरेन्द्रदेव सभागार में सुबह 8 बजे से रिटर्निंग अफसर जोखू प्रसाद तिवारी व अन्य सदस्यों अरविंद कौल, प्रियनाथ सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में शुरू कराया जायेगा। सबसे पहले मतगणना कार्यकारिणी ए, बी व सी के पदों के लिए होगी। इसके लिए तीनों पदों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को निर्देशित किया गया है कि वह समय से आकर मतगणना में शामिल हों जिससे मतगणना की पारदर्शिता बनी रहे। इसके बाद अन्य सभी पदों की मतगणना करायी जायेगी।रिटर्निंग अफसर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन के मुताबिक मंगलवार को बार एसोसिएशन अयोध्या के वार्षिक चुनाव के लिए मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुआ जो 1.30 बजे तक चला। मतदाताओं की संख्या 2365 रही जबकि वोटों की संख्या कुल 2121 रही। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए एल्डर्स कमेटी के पूर्व चेयरमैन शैलेष कुमार पाण्डेय, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव कुमार दूबे, अधिवक्ता सईद खान, त्रिलोकीनाथ दूबे, अशोक कुमार पाण्डेय, शमशेर बहादुर सिंह के अलावां शाबेज जाफरी, कीर्ति प्रकाश मिश्र, राजकपूर सिंह, सुधीर शर्मा, सतीश श्रीवास्तव, कैलाश बिहारी पाठक, सुरेश सिंह, कुलपदीप सिंह, सुनील त्रिपाठी आदि मतदान कर्मियों की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# पेंशनर दिवस में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 10 पेंशनरों को किया गया सम्मानित

## -पेशन सम्बन्धी नवीनतम शासनादेशों व प्रक्रियाओं से सभी को कराया गया अवगत



अयोध्या (एजेंसी)। गांधी सभागार, कार्यालय आयुक्त, अयोध्या मण्डल में दसवें पेंशनर दिवस का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरूद प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह द्वारा आयोजित कराया गया। पेंशनर दिवस में मुख्य रूप से विभिन्न पेंशनर्स संघ जैसे प्रीतम सिंह अध्यक्ष, इ. उमेश चन्द्र महामंत्री, एल के मिश्र, मीडिया प्रभारी इत्यादि पदाधिकारियों एवं लगभग 300 की संख्या में पेंशनरों तथा विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्षों / प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पेंशनर एवं विभिन्न पेंशनर्स संघों द्वारा उठायी गयी विभिन्न समस्याओं एवं प्रत्यावेदनों / सुझावों के त्वरित निस्तारण हेतु विभागों को निर्देशित किया गया एवं उन्हें पेशन सम्बन्धी नवीनतम शासनादेशोंध्प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। सभी पेंशनर्स संगठनों एवं पेंशनरों तथा आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार के कार्यप्रणाली एवं व्यवहार की एक सुर से प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम का समापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं मुख्य कोषाधिकारी द्वारा पेंशनर दिवस में आये हुये 80 वर्ष से अधिक उम्र के 10 पेंशनरों को सम्मानित करते हुए शाल पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रशान्त कुमार वर्मा एवं दुर्गेश बिहारी दुबे कोषागार लेखाकार द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में कोषागार परिवार के श्री गणेश दत्त पाण्डेय (सहायक कोषाधिकारी) श्री अमरनाथ सिंह, श्री सुरेश कुमार श्री अरुणिम वेद एवं समस्त कोषागार कर्मियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही समापन के उपरान्त श्री सुरेश खन्ना, मा० वित्त मंत्री जी द्वारा पेंशनर दिवस कार्यक्रम की वर्चुअल समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें लगभग 10 पेंशनरों से वार्तालाप करके कोषागार की कार्यालय से अवगत व संतुष्ट हुये।

# आटो यूनियन ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

मीरजापुर (एजेंसी)। आटो ड्राइवर चालक सेवा समिति के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा है। समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि जिला प्रशासन, यातायात एवं पुलिस विभाग घ्द्वारा बृहद अभियान चलाकर मिर्जापुर जिले के समस्त ई–रिक्शा और आटो जिनके प्रपत्र अधूरे हैं, उन सभी वाहनों को सीज और चालान किए जायेंगे। यूनियन के पदाधिकारियों ने मांग किया है कि उन्हें 10 दिवस का समय और दिया जाए और संबंधित विभाग परिवहन को यह निर्देशित करें की ऑटो व ई रिक्शा का जो अधूरा प्रपत्र हो उसके लिए एक अलग काउंटर दिया जाए, जिससे समय पर और बिना बिचौलिया के समस्त प्रपत्र पूर्ण हो सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल यूनियन के ईश्वर सिंह, राजेन्द्र प्रजापति, रंजीत यदुवंशी, संतोष कुमार यादव उपाध्यक्ष, सुरेश, अवधेश कुमार शर्मा इत्यादि ने ऑटो व ई–रिक्शा वाहन के समस्त प्रपत्र बनवाने के संबंध में अपनी बातों को प्रमुखता से रखा है।

# मनबढ युवाओं ने तोड़ फोड़ कर ढाबा कर्मियों के साथ की मारपीट

लालगंज, मीरजापुर (एजेंसी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित बरौधा के पास एक ढाबे पर बीती रात लगभग ढाई बजे आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे मनबढ युवाओं ने न सिर्फ तोड़ फोड़ किया, बल्कि वहां मौजूद ढाबा कर्मियों के साथ मारपीट भी किया। सभी आरोपी बिहार के शिक्षक पात्रता परीक्षा पास किए थे उसी को उपलक्ष में पार्टी में शराब पीकर उत्पात मचाया।पीड़ित ने बरौधा चौकी पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। लालगंज के बरौंधा के पास नेशनल हाईवे पर प्रधान ढाबा नाम से गलरिया गांव की अंबुज सिंह पुत्र पप्पू सिंह ढाबा का संचालन करता है। बताया कि बीती रात के लगभग 2रू30 बजे आधा दर्जन की संख्या में आए मनबढ युवाओं ने शराब के नशे में मारपीट किया है।

# जिलाधिकारी ने पेंशनरों को माल्यार्पण कर किया सम्मानित

मीरजापुर (एजेंसी)। पूर्व वर्षों की भांति जिलाधिकारी प्रियंका निरजंन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। पेंशनर्स दिवस समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारी तथा मीरजापुर जनपद के समस्त विभागों के काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहें, जिसमें 80 वर्ष से अधिक आयु के 25 पेंशनरों को अंग वस्त्र तथा पुष्प माला से सम्मानित किया गया साथ ही मीरजापुर जनपद में कार्यरत समस्त पेंशनर संघो के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

# जनसूचना अधिकार अधिनियम के बारे में दी गयी जानकारी

## -एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अयोध्या (एजेंसी)। अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी की अध्यक्षता में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 जनहित गारंटी अधिनियम 2011 तथा उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली 2015 से सम्बंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक सुधार विभाग के स्टेट रिसोर्स पर्सन डा. राहुल सिंह तथा राजाराम द्वारा आयुक्त सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टेट रिसोर्स पर्सन आर0टी0आई0 ने जनसूचना अधिकार से सम्बंधित मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये जनसूचना अधिकार अधिनियम व उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015 की धाराओं व नियमावली की विस्तृत जानकारी दी गयी। अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी ने कहा कि जनसूचना अधिकार अधिनियम व जनहित गारंटी अधिनियम के तहत आवेदकों द्वारा मांगी गयी कार्यालयों में उपलब्ध जानकारी के अनुसार उन्हें प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह भी परीक्षण करें कि क्या वह सूचना देने योग्य है उसका भी परीक्षण करें तथा यदि सूचना देने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 व उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015 के एक्ट व नियमों को एक बार अवश्य पढ़ लें। जनसूचना के प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समय अवधि के अन्दर निस्तारित करना सुनिश्चित करें तथा जो आवेदन कार्यालय सम्बंधित नही है उसको 5 दिवस के अन्दर सम्बंधित कार्यालय को अग्रसारित करें। उन्होंने कहा कि प्रथम अपीलीय अधिकारीध्जनसूचना अधिकारी नियमित रूप से आर0टी0आई0 का निस्तारण करायें। एस0आर0पी0 आर0टी0आई0 राजाराम ने बताया कि उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत सरकार द्वारा विभिन्न विभागों की 406 विभागीय सेवाएं एवं सभी विभागों की अधिष्ठान से संबंधित 10 कॉमन सेवाएं अधिसूचित की गई हैं जिनका संबंधित विभागोंध्कार्यालयों के पदाभिहित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण किया जाना है। अधिसूचित सेवाओं को समयबद्ध रूप से आवेदकों को उपलब्ध नहीं कराए पर उन पर द्वितीय अपीलीय अधिकारी द्वारा अधिकतम 5000 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया जा सकता है जो संबंधित के वेतन से वसूल कर सरकारी कोष में जमा किया जाएगा और संबंधित पदाभिहित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण का अनुश्रवण एवं समीक्षा राज्य स्तर पर मुख्य निरीक्षक, राजकीय कार्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा तथा मंडल स्तर पर नामित मंडलीय नोडल अधिकारी द्वारा आयुक्त के निर्देशन में माह में एकबार की जाएगी।

# समस्याओं के निस्तारण के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक कर की गई समीक्षा

मीरजापुर (एजेंसी)मंडलायुक्त डॉ मुथु कुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की समस्याओं, मांगों तथा कार्मिक की व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन मान्यता प्राप्त सेवा संघों के पदाधिकारियों ने सहभाग किया। बैठक में शासन स्तर से समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का पालन जनपद स्तर पर न होने के कारण कर्मचारियों को आ रही कठिनाईयों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न संगठनों के द्वारा मृतक आश्रित की नियुक्ति समय से करने, अध्यक्ष व पदाधिकारियों को जनपद के निकट तैनाती करने, सेवानिवृत्ति के देयकों का समय से भुगतान करने, कर्मचारियों की वार्षिक प्रविष्टि एवं एसीपी को समय से देने एवं निर्वाचन ड्यूटी के दौरान की गई ड्यूटी का भत्ता अभी तक नहीं मिलने व उसे दिलाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति विभाग में कुल पदों के सापेक्ष 20: पदोन्नति के माध्यम से करने वी कुछ कर्मचारियों का विभाग में अभी तक स्थाईकरण नहीं होने सहित विभिन्न बिंदुओं पर पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित किया तथा कार्यप्रणाली में सुधार, जनहित की योजनाओं को शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कहां कि ज्यादातर समस्या जिला स्तर पर लंबित है, अगली बैठक में समस्त विभाग के विभागध्यक्ष को बुलाकर आमने–सामने समीक्षा कर जाएगी पूरी कोशिश होगी समस्या का निस्तारण करा दिया जाए। बैठक में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की ओर से विनोद कुमार तिवारी, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, राकेश तिवारी जिलामंत्री , प्रशांत मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूनम सिंह कॉलेक्ट्रेट संघ, बृजेश सिंह कलेक्ट्रेट संघ, राजाराम जिलामंत्री ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन, पीयूष दुबे जिलाध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, समस्त मंडल स्तरीय विभिन्न संगठनों के उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन टीम ने एसडीएम के पेशकार सहित दो को रिश्वत की रकम के साथ किया गिरफ्ता

मीरजापुर (एजेंसी)। एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को रिश्वत लेते हुए एसडीएम सदर के पेशकार सहित दो को दबोचकर गिरफ्तार कर लिया है टीम की अचानक हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया था. एक काश्तकार की शिकायत पर पहुंची एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द के पेशकार राजेन्द्र चौरसिया तथा अस्थाई कर्मचारी कुलदीप गौड़ को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि घर के खतौनी में नाम चढ़ाने के लिए कई महीने से काश्तकार मुख्यालय का चक्कर काट रहा था. जिससे खतौनी में नाम दर्ज कराएं जाने के एवज में दस हजार की डिमांड की गई थी.

जानकारी के मुताबिक मिर्जापुर जिले के पड़री थाना क्षेत्र के देवपुरा पटखौली गांव निवासी शिकायतकर्ता अंकित पांडेय ने अपने दादा का नाम खतौनी में से कट जाने पर दर्ज कराएं जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था.खतौनी में दादा का नाम शामिल कराने के लिए अंकित कई महीने से दौड़ रहा था. आरोप है कि एसडीएम सदर के पेशकार राजेन्द्र चौरसिया ने अस्थाई कर्मचारी कुलदीप के माध्यम से दस हजार की डिमांड रखी थी. कुलदीप से जब दस हजार में बात तय हो गई तो पहली किस्त के रुप में तीन हजार मंगलवार को देने की बात हुई थी जिसे देने के लिए अंकित आज एसडीएम सदर के कार्यालय आया हुआ था. इधर पहले से ही जाल बिछाये हुए एंटी करप्शन टीम विंध्याचल मंडल (मिर्जापुर) के प्रभारी विनय कुमार ने अपनी टीम के साथ रिश्वत की रकम लेते ही रंगें हाथों पेशकार राजेन्द्र और कुलदीप गौड़ को गिरफ्तार कर लिया. जहां से दोनों को गिरफ्तार कर वाहन में बैठाकर शहर कोतवाली लाया गया है. जहां भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है.।

# सुनीति और सुरुचि का ज्ञान ही मोक्ष का साधन है-कथा व्यास



बल्दीराय / सुल्तानपुर(एजेंसी)। जो नीति नियम व सिद्धांत के अनुसार काम करे वह सुनीति व जो अपनी रुचि इच्छा से काम करे वह सुरुचि। सुरुचि से किया गया कार्य कभी–कभी बड़ी हानि पहुंचाता है। उक्त बातें कथा व्यास कैलाश नारायण तिवारी गायत्री शक्तिपीठ सुल्तानपुर ने बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हरौरा बाजार में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में कही। तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास जी ने भक्त ध्रुव प्रहलाद की कथा का मनोरम वर्णन किया। कथा व्यास ने अनेक छोटी–छोटी लोक कथाओं के माध्यम से परिवार व समाज मे हो रहे विघटन कारी घटनाओं पर ध्यानाकर्षण किया। कथा के क्रम मे उन्होंने मन की दशा का बड़ा ही मनोरम वर्णन किया। उन्होने कहा कि जब मन नियंत्रित होता तो कार्य भी सुंदर होगा व सन्तुष्टि भी मिलेगी। मन को साधने से ही जीवन में परमानन्द की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने सुरुचि द्वारा बालक ध्रुव को राजा की गोद से नीचे उतार देने की कथा का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। बच्चों के मन से सांसारिक बातों के साथ ईश्वर व ब्रह्म की तरफ भी प्रेरित करें।तभी बच्चों में सद्गुणों का विकास होगा।बच्चे के कोख में आने पर माताओं के द्वारा किये गए कार्यो का प्रभाव कोख में पल रहे बच्चे पर सीधा असर डालता है। अस्तु माताओं को व परिवार सभी को सदैव सदाचरण को अपनाना चाहिए।तभी विश्व का कल्याण होगा।देश व धर्म को बचाना है तो परिवार अपने बच्चों में श्रद्धा पैदा करें। परम पिता को प्राप्त करने के लिए तप की आवश्यकता होती है।जब संकल्प शक्ति मजबूत होती है तो कार्य की सिद्धि होती है। इस प्रकार कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत से जुड़े अनेक प्रसंगों का बड़ा ही मनहर वर्णन किया। मेरा जीवन सारा बीते तेरा नाम जपते जपते।कोई बाधा न आने पाए,तेरी राह चलते चलते।जैसे भजनों पर भक्तगण देर रात तक झूमते रहे। आयोजक मथुरा प्रसाद विश्वकर्मा ने व्यास पीठ की आरती उतारी। इस मौके पर चंदन उपाध्याय, नीरज पांडेय, दिलीप उपाध्याय, ज्ञान चंद्र मोदनवाल, सूरज विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# युवा सशक्तिकरण की मजबूती के संकल्प के साथ मनाया गया राघव का समारोहपूर्वक जन्मदिन



लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर बुधवार को राघव मिश्रा यूथ ब्रिगेड द्वारा युवा सशक्तिकरण पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद युवाओं तथा कांग्रेसियों ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के नाती व क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के पुत्र राघव मिश्र का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राघव मिश्र के जन्मदिन की खुशियां साझा की। वहीं वक्ताओं ने राघव मिश्र को युवाओं तथा मेधाशक्ति के लिए प्रेरणा का श्रोत बताया। जन्मदिन कार्यक्रम में युवा मताधिकार तथा संचार क्रांति समेत शैक्षिक मूल्यों पर भी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि रहे। सह संयोजक कैम्प कार्यालय प्रभारी आशीष उपाध्याय ने युवा भारत की मजबूती पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव छोटे लाल सरोज व आभार प्रदर्शन समासद शेरू खां ने किया। इस मौके पर समाजसेवी धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू, रामू मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, अनिल त्रिपाठी महेश, गीता सिंह, राजकुमार मिश्र, दिनेश सिंह, संजय सिंह, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, बृजेश द्विवेदी, पन्ने लाल पाल, दारा सिंह, आशीष कौशल, ज्ञानप्रकाश वर्मा, राकेश तिवारी गुडडू, चंद्रप्रकाश तिवारी मुन्ना, विनय पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, श्रीकांत मिश्र, जगदीश तिवारी बबलू, राहुल मिश्र, धर्मपाल सरोज आदि रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम



लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला व छात्र समेत तीन लोग घायल हो गये। ट्रामा सेण्टर में घायल महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के बेलहा गांव की सत्तावन वर्षीया महेशा देवी पत्नी जगन्नाथ सरोज बुधवार दोपहर करीब बारह बजे लालगंज से आटो से अपने मायके लीलापुर थाना अन्तर्गत गोविंदापुर गांव जा रही थी। गांव समीप हाइवे किनारे आटो से उतरने के बाद जैसे ही आगे बढ़ी कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। इसी बीच एक बाइक से जा रहे छात्र व छात्रा भी उसी वाहन की चपेट में आने से मामूली रूप से चुटहिल हो गये। वहीं दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को समाजसेवी जाकिर अली अपनी कार से इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर ले गये। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। वही दुर्घटना में घायल छात्र व छात्रा प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गये। मृतका के पति मजदूरी करते हैं। उसके तीन पुत्रियां व दो पुत्र में सभी विवाहित है। एसओ लीलापुर अरूण कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए "अनुगम 2024' का आयोजन

सुलतानपुर(एजेंसी)। कमला नेहरू इंजीनियरिंग संकाय में बी. टेक. तथा प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के फिजिकल एन्ड सोशल साइंसेज के सिंह रहे द्य कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के निदेशक प्रो.(डा.) डी.एस.पुन्डीर ने इतिहास को सभी छात्र छात्राओं एवं नवागंतुक छात्र छात्राओं को सदैव अपने प्रो.( डा.) सुशील कुमार सिंह ने छात्रों को करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य मेहनत जरुरी है। संस्थान के डीन ान में छात्रों को संस्थान की तरफ से हर और कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित




संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित पालीटेक्निक के सत्र 2024–25 में नव अनुगम 2024' का आयोजन किया रूप में कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ पूर्व उप प्राचार्य प्रो.(डा.) सुशील कुमार मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्थान अपने उद्बोधन में संस्थान के गौरवशाली उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखा एवं लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रहने को कहा। अपने आत्मबल को बढाने हेतु प्रेरित असंभव नहीं है, सकारात्मकता के साथ एकेडमिक रत्नेश सिंह ने अपने उद्बोध संभव सहायता का आश्वासन दिया किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अन्त में निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार डिप्लोमा के छात्र नीलेश रावत को मिस्टर फ्रेशर तथा छात्रा अंकिता वर्मा को मिस फ्रेशर तथा बी. टेक. में दिलीप कुमार को मिस्टर फ्रेशर तथा नव्या शुक्ला को मिस फ्रेशर चुना गया। वर्षा प्रजापति तथा प्रिंस को सर्वश्रेष्ठ एंकर के रुप में चुना गया द्य अर्पित सिंह को बेस्ट सिंगर, बी. टेक. कम्प्यूटर साइंस की टीम को बेस्ट ग्रुप डांस, चंचल मौर्या को बेस्ट सोलो डांस, बी. टेक. कम्प्यूटर साइंस की टीम को इंडियन आर्मी पर आधारित बेस्ट ड्रामा, का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में संयोजक मनोज भार्गव ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग संकाय के सभी विभागाध्यक्ष , डा. रामसागर सिंह,एवं शिक्षकगण ए के सिंह, सैनुद्दीन, कौस्तुभ कुन्दन श्रीवास्तव, जय चन्द, ग्रीष्मा श्रीवास्तव, जे पी मिश्रा, मनोज भार्गव, अखंड प्रताप सिंह, प्रदीप द्विवेदी, कसीम खान, आनन्द प्रताप, तथा बी. टेक. एवं पालीटेक्निक प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मानवाधिकार दिवस का आयोजन

सुल्तानपुर(एजेंसी)। ग्राम पंचायत मल्लेपुर पंचायत भवन में मानवाधिकार दिवस का आयोजन पानी संस्थान के द्वारा किया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय हमारा अधिकार हमारा भविष्य अभी से है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गीता सिंह अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय पिंगिरियावा, ग्राम प्रधान मल्लेपुरए आआंगनवाडी मल्लेपुर पंचायत सहायक मल्लेपुर एवं पानी संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता गीता एवं लीलावती द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उक्त कार्यक्रम में पानी संस्थान द्वारा भीटी ब्लाक में चल रहे किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम में 07 ग्राम पंचायत से लगभग 300 किशोरियो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा स्वागत गीत, नुक्कड़नाटक, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किया गया। परियोजना समन्वयक रागिनी विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य एवं मानवाधिकार दिवस के बारे में बताया गया। इस दौरान 07 ग्राम पंचयात के विद्यालयों के अध्यापकगण, आआंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा पानी संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता लीलावती, गीता एवं पानी सस्थान की टीम उपस्थित रही।

# रुके विकास कार्यों को लेकर गोमती मित्रों ने ईओ से की मुलाकात

सुल्तानपुर(एजेंसी)सीताकुंड धाम पर रुके विकास कार्यों को लेकर गोमती मित्र मंडल परिवार ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज से मुलाकात की। इस मुलाकात में गोमती मित्र मंडल परिवार ने अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने इस मांग पर सहमति जताते हुए रुके कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। जिसमें गोमती मित्र मंडल परिवार के राकेश सिंह ददादू, अजय वर्मा, विकास शर्मा, मुन्ना पाठक, आलोक तिवारी, सुजीत कसौधन, आदि लोग मौजूद रहे।

# खड़ंजा निर्माण, डेस्टबिन, डेंक्स बेंच के नाम पर लाखों का घोटाला, जांच करेगे गन्ना अधिकारी

सुल्तानपुर। विकासखंड जयसिंहपुर के ग्राम पंचायत उमरी में बिना कार्य कराए ही धन उगाही करने की घोर लापरवाही सामने आने से जिला अधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने जिला गन्ना अधिकारी राजेंद्र कुमार को जांच अधिकारी नामित किया है। शपथपत्र दाखिल कर शिकायत कर्ता विकासखंड जयसिंहपुर के ग्राम पंचायत उमरी के गांव सपाही निवासी गेंदा लाल ने कहां है कि वर्ष 2018–19 में पूर्व प्रधान रामदयाल वर्मा व उनके प्रतिनिधि द्वारा पक्की सड़क बिरसिंहपुर पिच रोड से गेंदालाल के घर तक खडंजा निर्माण के नाम पर लगभग लख रुपए से अधिक का धन निकाल लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी व शासन से किया, जिस संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी जिला स्तरीय टीम गठित कर प्रारंभिक जांच करवाया, जांच में पुष्टि होने पर मामले को गंभीरता से लेते ही पुनः जिला गन्ना अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश में कहां है कि जांच के क्रम में उक्त अधिकारी 30 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विभाग की माने तो उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1997 संशोधित 2001 में दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत यह निर्देश है कि प्रारंभिक जांच के बाद ही सख्ती से वसूली सहित अन्य कार्यवाही संभव है। जिला गन्ना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि उक्त के संबंधा में जिला अधिकारी के पत्र 26 ध11 ध2024 प्राप्त होने के पश्चात खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर को अभिलेख सहित प्रस्तुत होने के लिए पत्र जारी किया है। काफी समयांतराल के बाद दोबारा पत्र भेजा गया है, अभिलेख आने के बाद जांच की गति आगे बढ़ेगी। जांच में ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधान दोष छिपा नहीं सकते कार्यवाही होना संभव है।

# आठ विद्यालयों में नहीं बन रहा मध्यान्ह भोजन

जमुनहाध्श्रावस्ती (एजेंसी)। विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट में सात महीनों से शिक्षा प्रबंध समिति के माध्यम से हरदत्त नगर गिरंट के 5 प्राथमिक विद्यालय तथा 3 उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनमानी तरीकों से मानक अनुरूप नहीं बना रहा माध्यन भोजन। सात माह पहले ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट में प्रधान विजय कुमार के वित्तीय पावर पर रोक लग गई थी। जिस पर शिक्षा प्रबंध समिति के माध्यम से आठों विद्यालय के माध्यान भोजन की जुम्मेदारी शिक्षकों के भरोसे शुरू हो गई।

# ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रावस्ती । बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं यथा– डी0बी0टी0 के माध्यम से अभिभावकों के खाते में धनराशि का प्रेषण, निपुण भारत मिशन, शारदा योजना, विद्यालय प्रबंध समिति एवं आपरेशन कायाकल्प के सम्बन्ध में ब्लाक स्तर पर प्रधानाध्यापक, एवं ग्राम प्रधान प्राधिकारी जनप्रतिनिधि की एकदिवसीय ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आशा–एएनएम सेंटर, भिनगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भिनगा की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा शासन की मंशानुरूप छात्र–छात्राओं के चहुंमुखी विकास हेतु समुदाय तथा शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित किये जाने पर बल दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तिकरण तथा विद्यालयों को निपुण बनाये जाने हेतु और बेहतर प्रयास किये जाने के लिए प्रेरित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुररानी अमित कुमार द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालयों में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में छात्र–छात्राओं के साथ–साथ अभिभावकों एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। ए0आर0पी0 अनूप श्रीवास्तव द्वारा डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में प्रेषित धनराशि से बच्चों के लिए यूनिफार्म, स्वेटर, जूता–मोजा एवं बैग अनिवार्य रूप से क्रय किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। ए0आर0पी0 महेश चंद्र शुक्ल द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के प्रभाव तथा सक्रियता पर विस्तार से चर्चा किया। ए0आर0पी0 तरुण कुमार गुप्त द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, 19 मूलभूत सुविधाओं से संतृप्तीकरण ग्राम पंचायत के माध्यम से कराये जाने की कार्ययोजना पर बताया। ए0आर0पी0 द्विजेन्दु प्रकाश त्रिपाठी द्वारा संशोधित निपुण लक्ष्य, शिक्षक संदर्शिका, गणित एवं विज्ञान किट, शारदा योजना के अन्तर्गत आउट आफ स्कूल बच्चों के विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव के बारे में बताया गया। ए0आर0पी0 अकबाल अहमद शाह के द्वारा बालिका शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान अशोक पाठक, अंकित श्रीवास्तव, संदीप कुमार मिश्र, विनोद कुमार गौरव, कमला प्रसाद वर्मा, उदय सिंह, अम्बरीश सिंह, आफताब अहमद, दरख्शा अंजुम, रहनुमा खातून, नीलम कुमारी, श्रवण श्रीवास्तव, सुधा सिंह, सुभद्रा यादव एवं अन्य शिक्षक, ग्राम प्रधान, सभासद एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मारपीट के आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 1,000 रू0/- का अर्थदण्ड

श्रावस्ती 18 दिसम्बर (एजेंसी)। अभियोजन पक्ष की पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय सीजे–एडीध्एसीजेएम जनपद श्रावस्ती ने थाना सिरसिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 02ध2001 धारा 323,504 भादवि बनाम दूधनाथ पुत्र अनोखी निवासी पैकोरी थाना सिरसिया जपनद श्रावस्ती को, मारपीट करने केआरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 1,000 रू0 का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध वादी ने लिखित तहरीर के आधार पर थाना सिरसिया पर दिनांक 08.01.2001 को अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना नियत समय पर सम्पादित कर न्यायालय प्रेषित की गयी थी।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती 18 दिसम्बर (एजेंसी)। थाना को0 भिनगा पुलिस' ने गुरुदेव चौहान पुत्र राम अवतार निवासी बैरागीपुर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 01 नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर थाना को0 भिनगा पर 4ध25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। जनपद श्रावस्ती के विभिन्न थानाक्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंदी हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गयी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियरध्चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग गयी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की दौरान 45 वाहनों का मोटर अधिनियम से ई–चालान कर रू0 1,26,300 का शमन किया गया

# जिले में धारा 163 लागू

श्रावस्ती 18 दिसम्बर(एजेंसी)। इस वर्ष दिनांक 25–12–2024 को क्रिसमस डे, दिनांक 01–01–2025 को नववर्ष, दिनांक 13 व 14–01–2025 को मकर संक्रान्ति, दिनांक 26–01–2025 को गणतंत्र दिवस का त्यौहार मनाया जायेगा तथा दिनांक 22–12–2024 को राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024 जनपद श्रावस्ती के 03 परीक्षा केन्द्रों अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा, जगतजीत इंण्टर कालेज इकौना एवं लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज वीरगंज, मल्हीपुर में आयोजित की जायेंगी। जनपद साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से अत्यन्त संवेदनशील है। उक्त त्यौहारों, परीक्षाओं पर जनपद में साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार अपर जिला मजिस्ट्रेट, अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा पारित की है।

# नकली कैस्ट्रोल मोबिल आयल बेंचते दो आरोपी गिरफ्तार''

शाहजहांपुर,(संवाददाता)। कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड कम्पनी के मैनेजर रवि सिंह निवासी कम्पनी लायर्स नेटवर्क लि. 630 द्वितीय तल लेन न. 3 कोहिनूर इनक्लेव सैदुल्लाजाब थाना साकेत नई दिल्ली ने रामचंद्र मिशन पुलिस को सूचना दी कि आपके क्षेत्र में उनकी कम्पनी के नाम का नकली मोबिल आयल बेंचा जा रहा है सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने दरोगा सतेंद्र सिंह व मोदी सिंह एवं कैलाशचंद्र के नेतृव में टीम बनाकर पक्कापुल मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में एक दुकान को चौक किया जहां पुलिस ने जय मां आटो पार्ट्स एंड रिपेयरिंग सेंटर पर पांच कार्टून बरामद किए जिसमें एक एक लीटर के 100 डिब्बे नकली मोबिल के मिले जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया वहीं मौके पर दुकानदार व गोदाम मालिक पुलिस को कोई कागज नहीं दिखा सके, पुलिस ने दुकादर विजेंद्र निवासी पिपरौला थाना कांट व अंकुश निवासी ताहवरगंज थाना रामचंद्र के खिलाफ कापीराइट का मुकदमा दर्ज कर लिया और माल को जब्त कर लिया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती पर 25 दिसंबर को सम्मानित होगे 21 सीनियर सिटीजन''

शाहजहांपुर,(संवाददाता)। हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती पर 25 दिसंबर 2024, बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे खुटार नगर के अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संगठन के संस्थापकध्अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित ने सयुंक्त रुप से बताया कि कार्यक्रम मे खुटार क्षेत्र के 21 सीनियर सिटीजन को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियो द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियो ने नगर और क्षेत्र के लोगो से अधिक से अधिक संख्या मे कार्यक्रम मे पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# रौसर कोठी रोड़ पर खुलेआम पिलाई जा रही शराब, लोग परेशान''

शाहजहांपुर,(संवाददाता)। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने भट्टा चौराहा पर स्थित अंग्रेजी एवं बियर शॉप के पास एक दुकान में छापा मारा। यहां बिना लाइसेंस के शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस ने लाइसेंस चेक किया तो कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके। पुलिस ने सख्त हिदायत दी कि बिना लाइसेंस के शराब न पिलाई जाएध। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। रविवार को इंस्पेक्टर आरसी मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने भट्टा चौराहे के पास स्थित शराब की दुकान के पास चेकिंग की। यहां सड़क पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस को देखकर शराब पी रहे लोग भाग खड़े हुए। पुलिस ने दुकान संचालकों से लाइसेंस मांगा तो इस संबंध में कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके। इंस्पेक्टर ने सख्त लहजे में हिदायत दी कि अवैध रूप से संचालित की जा रही कैंटीन हटा ली जाए। यदि दोबारा यहां शराब पिलाई गई तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक से घर आ रहे युवक को रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा निवासी पैतालिस वर्षीय सुभाष पुत्र लहुरी मंगलवार देर शाम बाइक से रायबरेली से घर जा रहे थे। मंगापुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट व धमकी में दो पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भटनी गांव की उमा देवी पत्नी विशंभरनाथ तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह दिसंबर को सुबह गांव के दिनेश तिवारी व उनकी पत्नी अवधरानी ने रंजिशन उसके खेत में पानी भरकर आलू की फसल को नष्ट करने का प्रयास करने का प्रयास किया। पीड़ित के उलाहना देने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए पीड़िता व उसके पति को मारापीटा व कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# तीन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना के पूरे रामदास मंगापुर गांव की फूलकुमारी पत्नी जगन्नाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार को दोपहर करीब बारह बजे गांव के राजेन्द्र, सुरेन्द्र व संत प्रसाद पुत्रगण कौशल कुमार तथा बाबूलाल व उनके पुत्र कृष्ण कुमार एवं शत्रुघ्न आदि ने एकराय होकर रास्ते के विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर पीड़िता तथा उसके देवर बैजनाथ व पुत्री शिवानी को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। एसओ राधेबाबू का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# समारोहपूर्वक मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

लालगंज, प्रतापगढ़। खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना मो. रहमानी मियां ने कहा कि मुल्क को सभी को बराबरी का हक हासिल है। उन्होने कहा कि हर जरूरतमंद को उसका वाजिब हक दिलाना और मुल्क की मजबूती के लिए खड़े होना हम सबकी जिम्मेदारी है। इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल जलसे में शामिल हुए। उन्होने लोगों को विधायक मोना की ओर से अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की मुबारकबाद सौंपी। संचालन करते हुए मो. बेलाल रहमानी ने कहा कि अल्पसंख्यकों के रहन सहन को बेहतर बनाने तथा तालीम के क्षेत्र में बेहतर मौका दिया जाना चाहिए। इस मौके पर जर्रार अहमद, अम्मार रहमानी, सैयद खालिद, ऐश खान, इजहार हुसैन, बसर रहमानी, भोला, दिनेश सिंह आदि रहे।

# सेल्समैन के साथ मारपीट व छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन के साथ आरोपियो पर मारपीट तथा पैतीस हजार रूपये छीन लिए जाने के आरोप को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। सांगीपुर थाना के सिंघनी निवासी विक्रान्त मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को लगभग सुबह ग्यारह बजे पेट्रोल पम्प पर तीन आरोपी पहुंचे और वहां मौजूद सेल्समैन विशाल सिंह के साथ मारपीट करने लगे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने मारपीट कर सेल्समैन के पास मौजूद पैतीस हजार रूपये छीनकर ले गये। घटना के बाबत एसओ सांगीपुर मनीष त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिली है, पुलिस की प्रारंभिक जांच में मारपीट की घटना सामने आयी है। जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# आम के पेड़ से लटकता मिला किशोर की लाश

भंगहा / श्रावस्ती 18 दिसम्बर (एजेंसी)। बुधवार सुबह घर से 100 मीटर दूरी पर आम के पेड़ से एक किशोर की लाश लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फेल गई घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई लोगों की ओर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।श्रावस्ती के कोतवाली भिनगा क्षेत्र के चितई पुर गांव का है। जहां पर एक किशोर की लाश आम के पेड़ से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के भेज दिया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली भिनगा क्षेत्र के चितई पुर गांव में बुधवार सुबह लोगों ने देखा कि आम के पेड़ से किसी की लाश लटकी हुई है ।मौके पर ग्रामीणों ने पहुंचकर देखा जिसकी पहचान कमलेश कुमार पुत्र संभू वर्मा उम्र लगभग 17 वर्ष के रूप में हुई लोगो की ओर घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया वही मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलित किया है वही घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# हिण्डाल्को प्रमुख ने ग्रामीणों को के मध्य बांटा कीटनाशक स्प्रे वप्रशिक्षुओं को दिया प्रमाणपत्र



रेणुकूटध्सोनभद्र(एजेंसी)। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग,रेणुकूट द्वारा हिण्डाल्को के नवागत मुखिया समीर नायक के नेतृत्व में दुद्धी तहसील के ग्रामीणों के विकास के लिए अनेक विकासोन्मुखी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित एक कार्यक्रम के अन्तर्गत म्योरपुर,बभनी और दुद्धी प्रखण्ड के किसान क्लब के 30 किसानों एंव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के मध्य मुख्य अतिथि समीर नायक एंव विशिष्ट अतिथि हिण्डाल्को मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह द्वारा आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलॉजी पार्क, म्योरपुर केन्द्र में कीटनाशक स्प्रे मशीन का वितरण किया गया। साथ ही कम्प्यूटर, सिलाई, ब्यूटीपार्लर और हस्तकला प्रशिक्षण प्राप्त 40 बच्चों में प्रमाणपत्र वितरित किया गया। साथ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कुण्डाडीह में निर्माणाधीन ब्रिकेट प्लाण्ट का भी निरीक्षण किया गया। म्योरपुर, बभनी और दुद्धी प्रखण्ड में चलाये जा रहे कौशल सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 17प्रशिक्षुओं के मध्य सिलाई मशीन का वितरिण किया गया जिससे कि उनका कौशल विकास के साथ–साथ आय का स्त्रोत भी विकसित हो सके। किसानों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री समीर नायक ने कहा कि किसान उन्न्त बीज एंव तकनीक को अपना कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं जिससे उनके परिवार को आर्थिक मजबूती मिलेगी। हिण्डाल्को ग्रामीणों एंव किसानों कि खुशहाली के लिए हर सम्भव मदद प्रदान करने के लिए तत्पर है। वहीं जसबीर सिंह ने किसानों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसान खुशहाल होगा तभी समाज और देश खुशल होगा। ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अनिल झा ने बताया कि विभाग 30 किसान समूह के साथ उनके आयवर्द्वन के लिए सब्जी उत्पादन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत उन्नत खेती के लिए उन्हें बीज, स्प्रे यंत्र तथा तकनीकी जानकारी भी प्रदान की जा रही है।कार्यक्रम में सीएसआर प्रबंधक सुभाशीष चक्रवर्ती ने आए हुए मुख्य अतिथियों और गाँव से आए हुए किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन अजय यादव द्वारा किया गया।

# अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

शक्तिनगर (सोनभद्र)(एजेंसी) थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक पैतीस वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम डायल 112पर फोन कर पीड़ित महिला ने आपबीती सुनाते हुए घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने तत्काल कार्यवाई करते हुए आरोपी को घेरकर पकड़ लिया ।बताया जाता है कि आरोपी रोहित उम्र 35वर्ष पीड़िता का पड़ोसी है एव घटना के वक्त शराब के नशे में धुत्त था। स्थानीय पुलिस ने आरोपी को सुसंगत धाराओं में निरुद्ध कर जेल भेज दिया है।

# बिजली बिल सरचार्ज ब्याज माफी कैम्प आज

बीजपुर(सोनभद्र(एजेंसी))नधिरा उपकेंद्र से सम्बंधित बिजली उपभोक्ताओं के लिए 18 दिसम्बर बुधवार को बिजली बिल सुधार एंव सरचार्जध्ब्याज माफी कैम्प का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत पिण्डारी में किया गया है। सरकार के निर्देश पर आयोजित समाधान कैम्प में बकाया बिजली बिल पर लगे सरचार्ज और ब्याज में सम्पूर्ण माफी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। इस दौरान बिजली बिल में गड़बड़ी मीटर की गड़बड़ी ठीक कर बकाया बिल को किस्तों में भी जमा कराने का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। समाधान कैम्प में लाभ लेने के लिए मीटर नम्बर कनेक्शन नम्बर 2 मिनट का रनिंग मीटर वीडियो अवश्य लाएं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवर अभियंता बिहारी लाल ने कहा कि यह लाभ शासन के निर्देश पर चलाया जा रहा है उपभोक्ता पहले आएं और पहले लाभ पाएं।अन्यथा बकाया बिजली बिल के उपभोक्ताओं का अभियान चला कर कनेक्शन काटा जाएगा और भविष्य में वसूली के लिए आरसी भी जारी की जाएगी।

# भांजी के शादी में जा रहे वाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत, खुशी गम में तब्दील

कर्मा,ध्सोनभद्र(एजेंसी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ककराही ग्राम पंचायत में सोमवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे वाइक सवार नवयुवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत से खुशी गम में हुई तब्दील, परिवार वालों का रो रो कर हाल हुआ बेहाल। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीपू सुल्तान (35) वर्ष पुत्र साल बाबू निवासी ओबरा अपनी बहन के बेटी के शादी में सम्मिलित होने के लिए अपने वाइक से ओबरा से 40 हजार रुपये लेकर हड्डिया ,प्रयागराज जा रहा था। लगभग सोमवार की रात लगभग 8 रू30बजे जैसे ही ककराही अस्पताल के आगे पहुंचा अन्यंत्रित होकर मिर्जापुर की तरफ भूसा लाद कर आ रही डीजीएम ट्रक में घुस गया जिसमें लहूलुहान हो कर झटपटाने लगा। किसी ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ककराही ले गई जहां चिकित्सक प्रथम उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई शहनवाज ने बताया कि भाँजी की शादी में शिरकत करने हंडिया प्रयागराज घर से 40 हजार रुपये लेकर जा रहा था। पूरा परिवार बहन के घर पर है। समाचार सुनते ही सारी खुशियाँ गम में तब्दील हो गई। मैं इलाहाबाद, प्रयागराज से आ रहा हूँ। भांजी की शादी है। मृतक के दो लड़के व एक लड़की 1वर्ष की है। थाने पर गया हुआ था। थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने भाई के पास से मिले 40 हजार रुपए व अन्य कागजात मुझे दिये हैं।पूरा परिवार का रो रो कर हाल बुरा है।

# ग्रामीणों ने प्रशासन से की अलाव जलाने की मांग

बीजपुरध्सोनभद्र(एजेंसी)। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से पारा लुढ़क कर सात डिग्री के आस पास आ गया है जिससे क्षेत्र में कंपकपाती ठंढ शुरू हो गई है।हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिल जा रही है परंतु शाम होते ही गलन शुरू हो जा रही है जिससे जनजीवन अस्त–व्यस्त हो रहा है। लगातार चल रही हवाओं से भी ठंड में इजाफा हुआ है।

# सोती रही पुलिस, ताला तोड़ते रहे शातिर चोर

## रामनगर क्षेत्र में शातिर चोरों का आतंक

रामनगर बाराबंकी (एजेंसी)। अज्ञात बेखौफ चोरों ने बुढ़वल चौराहे से लेकर सुंधियामऊ व बुढ़वल स्टेशन तक सड़कों के किनारे रखी लकड़ी की गुमटियों व होटल का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी सहित लाखों रुपए की कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया। कई भुक्त भोगियों ने स्थानीय थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार बीते सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने पुलिस की गस्त को धता बताकर बुढ़वल चौराहे पर बुढ़वल गांव निवासी अवधेश कुमार जीत सिंह व अजीत सिंह की गुमटी का ताला तोड़कर 3 हजार रुपए की सिगरेट पान मसाला का सामान उठा ले गए। रामनगर फतेहपुर मोड पर गोदौरा निवासी दुर्गेश यादव की सब्जी दुकान का ताला तोड़कर करीब 17 सौ रुपए के कीमत का लहसुन व पास ही में रखी पान की दुकान अरुण पांडे की नगदी सहित 15 सौ का पान मसाला ठीक इसी के बगल अमोली हिसामपुर निवासी प्रदुम कुमार की गुमटी का ताला तोड़कर 6 हजार रुपए कीमत का पान मसाला व 32 सौ की नगदी उठा ले गए। थोड़ा आगे बढ़कर सुनील कुमार निवासी ग्राम बुढ़वल की अंडे की दुकान का ताला तोड़कर 32 सौ रुपए की नगदी व भगोना आदि चोरी कर ले गए। बगल में रखी इंद्रेश की गुमटी का भी ताला तोड़ दिया। मुकेश पुत्र फूलचंद की पान की गुमटी का ताला तोड़कर नगदी सहित 12 सौ रुपए का समान चोरी कर ले गए। ग्राम किशनपुर मोड़ के पास तीन सगे भाईयों वारिस जान मोहम्मद व वाहिद की रखी सैलून की दुकानों का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी सहित सैलून का सामान चुरा ले गए। इन्हीं के पास रखी किशनपुर निवासी रामेश्वर व अजय की पान मसाला की गुमटी का ताला तोड़कर हजारों की नगदी पर हाथ साफ किया। अमोली कला चौराहे पर गुड्डू मिश्रा की गुमटी का ताला तोड़कर एक बैटरी 500 रुपए की नगदी 8 हजार का सामान चुरा ले गए। बगल ही में सुधीर मिश्रा की गुमटी का ताला तोड़कर 400 रुपए की नगदी वह हजारों के समान पर हांथ साफ किया। इसी गांव के निवासी रवि शंकर की गुमटी का मसाला सहित दुकान में रखी हजारों की नगदी उठा ले गए। इसी क्रम में बिलखिया चौराहे पर विजय बहादुर बृजेश नवमी लाल के होटल का ताला करीब 3 हजार रुपए की नगदी मिठाई व दो चांदी की अंगूठी सहित हजारों रुपए के समान पर हाथ साफ किया। खालिसपुर मोड पर रखी दो गुमटियों का ताला तोड़ा। इसी क्रम में बाराबंकी बहराइच हाईवे के बुढ़वल चौराहे पर विवेक कुमार मिश्रा आशीष कुमार निवासी गोंदौरा की गुमटियों का ताला तोड़कर हजारों रुपए पर हांथ साफ किया। मारुति एजेंसी के बगल कबाड़ी अब्दुल सद्दाम का शटर उठाया लेकिन वह अंदर सो रहे थे इसलिए चोर सफलता हासिल नहीं कर पाए। गौरतलब बात यह है कि हाईवे सहित कई सड़क मार्गो के किनारे रखी कई दर्जनों गुमटियों का चोर बेखौफ ताला तोड़ते रहे लेकिन गस्त कर रही जांबाज पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। एक कारण यह भी है कि जो हाईवे के किनारे बिजली के खंभे लगे हैं इसमें प्रशासन के द्वारा स्ट्रीट लाइट न लगवाए जाने के कारण चोरों को अंधेरे का फायदा भी मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों ने कई घंटे तक चोरी की घटनाओं को बखूबी अंजाम दिया। संवाददाता ने दूरभाष के द्वारा जब थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी से इस बाबत जानकारी करनी चाही तो उन्होंने बताया कि अभी हम मीटिंग में हैं उसके बाद फोन करना तब जानकारी दूंगा।

# सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्षित किया जाये काश्मीर से कन्या कुमारी का नामः रिजवान मुस्तफा

## वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी ने राष्ट्रपति को भेजा पत्र

बाराबंकी (एजेंसी)। वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सैयद रिजवान मुस्तफा रिजवी ने राष्ट्रपति को एक पत्र लिखकर तीन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने भेजे गये पत्र में लिखा है कि भारत का नाम बदलकर 'राम कृष्ण' रखने, "कश्मीर से कन्या कुमारी तक" कथन को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित करने और भारतीय मुद्रा का नाम 'राम कृष्ण रुपया' रखने की ऐतिहासिक मांग की। पत्र में श्री रिजवी ने आगे लिखा है कि अयोध्या में श्रीरामलला का गर्भगृह में पुनः विराजमान होना, हमारे देश के धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास का एक गौरवपूर्ण क्षण है। इस ऐतिहासिक घटना को सम्मानित करने के लिए उन्होंने प्रस्ताव रखा कि भारत का नाम 'राम कृष्ण' रखा जाए। श्रीराम और श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के आदर्श प्रतीक हैं, और इन दोनों महापुरुषों के नामों से जुड़ने से देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को एक नई पहचान मिलेगी। उन्होने इसके साथ ही, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में "कश्मीर से कन्या कुमारी तक" यह कथन हर प्रमुख सार्वजनिक स्थल जैसे रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, बस स्टेशन, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए। इस कथन के माध्यम से हमारे देश की विविधताओं में एकता का संदेश मिलेगा और यह हर नागरिक को अपने देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का अहसास कराएगा। तीसरी महत्वपूर्ण मांग में सैयद रिजवान मुस्तफा रिजवी ने भारतीय मुद्रा का नाम बदलकर 'राम कृष्ण रुपया' रखने का प्रस्ताव दिया। उनका मानना है कि इससे न केवल हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का सम्मान होगा, बल्कि यह नाम भारतीय मुद्रा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक अद्वितीय पहचान देगा। उन्होंने यह भी प्रस्ताव किया कि भारत के दूतावास और सार्वजनिक स्थलों पर राम और कृष्ण के जीवन पर आधारित चित्र, पुस्तकें और प्रेरक कथन प्रदर्शित किए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन महान महापुरुषों के आदर्शों से जुड़ सकें। सैयद रिजवान मुस्तफा रिजवी ने इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए राष्ट्रपति से गहराई से विचार करने और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। उनका मानना है कि ये कदम भारत को एक नई दिशा देंगे और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया भर में सम्मान दिलाने में मदद करेंगे।

# चार लुटेरे गिरफ्तार, वाहन बरामद

## किसान नेता को बदनाम करने की साजिश हुआ नाकाम

बाराबंकी (एजेंसी)। जैदपुर थाना क्षेत्र मे बीते दिनो हुई लूट पाट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए कार सवार 4 लुटेरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लूट के मोबाइल फोन व वारदात मे प्रयुक्त कार को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार गत् दिनो पुलिस को सूचना मिली कि चर्चित किसान नेता आशु चौधरी की कार मे सवार होकर कुछ युवको ने एक व्यक्ति से मोबाइल आदि धमकाकर लूटपाट किया है जिसके बाद पुलिस ने तहरीर का संज्ञान लेकर तत्काल किसान नेता की गाड़ी पर लूट का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी वही इससे किसान नेता की सामाजिक छवि को निशाना बनाकर मुकदमा दर्ज करने के बाद किसान यूनियन ने पुलिस का विरोध किया और मुकदमे को गलत बताकर उच्चाधि ाकारियो से शिकायत की जिसके बाद जैदपुर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाकर लुटेरों की तलाश करना शुरू कर दिया इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रियांशु वर्मा पुत्र रामकेश वर्मा निवासी पक्कापुरवा मोहब्बतपुर थाना कोठी बाराबंकी, मनोज मिश्रा पुत्र कृपाराम मिश्रा निवासी भगौतीपुर थाना रामनगर बाराबंकी हालपता लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर, आकाश वर्मा पुत्र धीरज वर्मा, आदित्य प्रकाश वर्मा पुत्र शिवकुमार निवासीगण ग्राम इसरौली सेठ थाना जैदपुर बाराबंकी को लूट मे प्रयुक्त कार के साथ पुलिस ने लसोड़वा मोड़ के पास गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 3 मोबाइल फोन्स व घटना मे प्रयुक्त कार को बरामद किया है और चारो आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। इसपर किसान नेता आशू चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया कि सच सामने आ ही गया। मुझे पुलिस एवं न्यायपालिका पर पूरा विष्वास है। कुछ विरोधियों द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने की नियत से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया जिनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा भी करूंगा।

# न्यायालय के निर्देष पर दर्ज हुआ दुराचार का मुकदमा

रामनगर बाराबंकी (एजेंसी)। एक व्यक्ति ने अपने पिता पर पत्नी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है पुलिस में शिकायत करने के बाद पिता व भाई के द्वारा मिलकर मारपीट किए जाने की बात कहीं है। मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला थाना मोहम्मदपुर खाला के खेरी बैरानामऊ मंझारी गांव का है यहां के निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि विगत 30 जुलाई को वह अपनी बहन को बुलाने फतेहपुर गया था उसकी पत्नी घर में अकेली सो रही थी रात में उसके पिता घर में घुस आए और जबरदस्ती मुंह दबाकर दो बार दुष्कर्म किया। दूसरे दिन घर वापस आने पर उसकी पत्नी ने आप बीती बताई तो उसने पुलिस चौकी सूरतगंज में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की न इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा। भुक्त भोगी ने किसी तरह मेडिकल स्टोर से दवा लेकर इलाज कराया। आरोप है कि सूरतगंज चौकी की पुलिस के द्वारा तीन–चार दिनों तक पीड़िता को बुलाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। तो इसकी शिकायत पर मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने पुनः चौकी पर भेज दिया चौकी पर दरोगा ने कहा रुपए लेकर सुलह कर लो। वरना तुम दोनों को अंदर कर देंगे। दुष्कर्म पीड़ित महिला के पति का आरोप है कि उसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तब जांच का आदेश हुआ। इसके बाद नाराज उसके पिता ने भाई के साथ घर में घुसकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्र छात्राओं के निखार हेतु वार्षिकोत्सव जरुरीः धर्मेंद्र सिंह यादव

## अंधेर नगरी चौपट राजा नाटिका ने दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध



बाराबंकी (एजेंसी)। वार्षिक उत्सव के माध्यम से विद्यालयों में होने वाले बच्चों के कार्यक्रमों से जहां छात्र छात्राओं में निखार आता है वहीं उनकी कलाओं की क्षमता का भी आकलन हो जाता है। बच्चों द्वारा पेश की जाने वाली समाज सुधारक प्रस्तुतियों से समाज में भी एक अच्छा संदेश जाता है। उक्त विचार देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव ने श्याम बाल विद्या मंदिर तकाजीपुर के वार्षिक महोत्सव में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं ओम शांती सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम अंधेर नगरी चौपट राजा नाटिका एवं कार्यशाला के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्मेंद्र यादव एवं कार्यक्रम मार्गदर्शक जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छवि पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक संतोष राय एंड पार्टी व स्कूली बच्चों द्वारा तमाम समाज सुधारक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों का दिल जीत लिया गया। विद्यालय के बच्चों अंधेर नगरी चौपट राजा नाटिका प्रस्तुत कर जहां लोगों को हंसने के लिए मजबूर कर दिया गया वहीं शासन प्रशासन को भी एक संदेश दिया गया कि किसी भी मामले में वास्तविक न्याय होना चाहिए न कि अंधेर नगरी चौपट राजा की तरह।इसके अलावा नशा मुक्ति पर पेश की गई नाटिका देखकर उस समय लोगों के मन में एकदम बैठ गया कि नशा करना वास्तव में हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं दहेज प्रथा आदि नाटिकाओं की प्रस्तुतियां दर्शकों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक संतोष राय ने बम बम बोल रहा है काशी गीत सुनाकर श्रोताओं को एकदम मंत्र मुग्ध कर दिया। तो सुप्रसिद्ध गायिका रत्ना दूबे तथा ममता मासूम ने अपने मृदुलमयी स्वरों द्वारा भोजपुरी व अवधी गीत सुनाकर महफिल में शमां बांध दिया। कार्यक्रम के संयोजक संजय यादव द्वारा सभी अतिथियों, जनकल्याण किसान एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रतिभागी बच्चों व सभी कलाकारों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं अन्य उपहार देकर फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम में मौजूद जनकल्याण किसान एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष एवं एच बी पटेल हाई स्कूल गौरसादिक पुर के प्रधानाचार्य अमरीश कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।इस अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के जिलाध्यक्ष ताहिर रिजवी,जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी विजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार, जिला प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, मातृशक्ति जिलाध्यक्ष नीलम देवी वर्मा,मातृशक्ति जिला प्रभारी शबनम बानो, अंजू रावत व विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, छात्राएं छात्राओं सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे।

# बंकर में बारुद भरते समय जवान हुआ शहीद

मीरजापुर (एजेंसी)। विकास खंड मझवा क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत नारायनपुर जमुआ निवासी और भारतीय सेना (आर्मी) में कार्यरत रहे चन्द्र प्रकाश पटेल जो 99 बटालियन सूरजगढ़ जयपुर राजस्थान में तैनात थे। बीती रात बंकर में बारूद फटने के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिनके शहीद होने की खघ्बर होते ही गांव परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को गांव पहुंचे उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र सहित अन्य अधिकारीगण ने शहीद परिवार से मिलकर अपनी संवेदना जताई है।

# भेंट मुलाकात कर मिशन शक्ति कार्यक्रम में किया आमंत्रित

मीरजापुर (एजेंसी)। महिला शिक्षक संघ नरायनपुर के तत्वावधान में मंगलवार को बीईओ जय कुमार यादव का स्वागत करते हुए महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट मुलाकात किया है। इस दौरान उन्हें 20 दिसंबर को मिशन शक्ति मिर्जापुर के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी किया गया। इस मौके पर कनक प्रभा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रेणुका सिंह जिला मंत्री, प्रियंका सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, सरिता सिंह ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्याय, मीरा देवी ब्लॉक उपाध्यक्ष, प्रतिभा ब्लॉक उपाध्यक्ष, शिप्रा सिंह ब्लॉक मंत्री, लिलियन जी ब्लॉक महामंत्री, आशा गुप्ता ब्लॉक संयुक्त मंत्री, माधुरी सिंह ब्लॉक कोषाध्यक्ष, नीतू सिंह ब्लॉक संगठन मंत्री, मनोरमा देवी मीडिया प्रभारी, कुसुम कुमारी देवी ब्लॉक संगठन मंत्री, सीता साहनी ब्लॉक संगठन मंत्री, विनीत मौर्य ब्लॉक अकाउंटेंट आदि लोग उपस्थित रहे।

# खडयंत्र के तहत अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाला गिरफ्तार

लालगंज, मीरजापुर (एजेंसी)। थाना लालगंज पर क्षेत्र के एक महिला द्वारा पूर्व में नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध वादिनी के साथ खड्यंत्र के तहत अश्लील वीडियो बनाकर वायरल के संबंध में तहरीर दी गई थी जिसके क्रम में लालगंज थाने में मुकदमा दर्ज था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष लालगंज को अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए। निर्देश के क्रम में वरिष्ठ एसआई श्यामधर सिह मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार पर लालगंज क्षेत्र से अभियुक्त मोनू उर्फ मकसूद पुत्र स्वर्गीय बब्बू अंसारी निवासी कोसफरा खुर्द थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्वाई करते हुए न्यायालय जेल भेजा गया।

# दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

लालगंज, मीरजापुर (एजेंसी)। श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है। यह जीवन शैली को अनुशासित करता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है। बालक वर्ग में चौंपियन वीरेंद्र कुमार और बालिका वर्ग में कल्पना रही। बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में वीरेंद्र कुमार प्रथम और सत्य प्रकाश तिवारी द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ व 800 मीटर दौड़ में मोहम्मद हारुन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में आशीष पटेल और ऊंची कूद में वीरेंद्र कुमार विजेता रहे। गोला प्रक्षेप में सत्य प्रकाश तिवारी और चक्का प्रक्षेप में राकेश ने पहला स्थान प्राप्त किया।बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में संजू मौर्य ने प्रथम स्थान पाया। गोला प्रक्षेप में श्री दुबे और चक्का प्रक्षेप में कल्पना ने पहला स्थान प्राप्त किया।बालक वर्ग में चौंपियन वीरेंद्र कुमार और बालिका वर्ग में कल्पना रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. अजीत प्रताप सिंह, डॉ अंबेश्वरी पांडे और अन्य सदस्य शामिल थे।क्रीड़ा आख्या और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिवधार सिंह ने दिया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. केके गिरी ने की। समारोह में डॉ. भारत भूषण द्विवेदी, रहीस अहमद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव डॉक्टर लाल बहादुर मौर्य, गणेश यादव और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न

रेणुकूट(सोनभद्र)(एजेंसी)। हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट–3का वार्षिक समारोह भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम 'उत्साह' को समर्पित इस समारोह का शुभारंभ हिंडालको संस्थान के नवनियुक्त क्लस्टर हेड समीर नायक एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत आदित्य वंदना के साथ हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्रधानाचार्य तनुश्री दत्ता पॉल के निर्देशन में स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। नर्सरी के बच्चों ने वेलकम डांस की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का स्वागत किया। वहीं, यूकेजी और कक्षा 1 के बच्चों ने इस्माइल डांस के जरिए खूब तालियां बटोरी।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत म्यूजिक शो ने समारोह को और भी खास बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को बीते समय की यादों में ले जाते हुए भावुक कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, यूनिट हेड समीर नायक ने बच्चों की मेहनत और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य तनुश्री दत्ता पॉल ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों, बच्चों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वार्षिक समारोह में हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारीगण स्कूल के सभी प्रधानाचार्य अध्यापक एवं अभिभावक मौजूद रहे। अंत में, राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सिर्फ 18 वकील मतदाताओं ने की टेंडर वोटिंग

सोनभद्र(एजेंसी)। वर्ष 2024–2025 के लिए होने वाले सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के चुनाव के लिए मंगलवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद के लिए सिर्फ 18 वकील मतदाताओं ने टेंडर वोटिंग की। जिसकी वजह से कुल 928 में से अब 910 वकील मतदाता 20 दिसंबर को मतदान करेंगे। 21 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2024–2025 के चुनाव के लिए सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के सदस्यध् वकील मतदाताओं की कुल संख्या 928 है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच टेंडर वोटिंग कराई गई, जिसमें सिर्फ 18 वकील मतदाताओं ने टेंडर वोटिंग की है। जिसमें राजेश कुमार पाठक, जितेंद्र देव पांडेय, शुद्धी नारायण देव पांडेय, अमित कुमार सिंह, अतुल कुमार पाठक, गौरव अग्रवाल,जय प्रकाश शुक्ल, रमाकांत श्रीवास्तव, रविकांत राय, सुरेश चंद्र दुबे, तेजमणि पांडेय, विमलेश कुमार, विनोद कुमार,सुरेंद्र देव पांडेय, गौरव कुमार श्रीवास्तव,अविनाश यादव, रंजीत सिंह व अवधेश कुमार मिश्र शामिल हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि जो वकील मतदाता 20 दिसंबर को आवश्यक कार्य से बाहर चले जाएंगे उन्हीं मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद के लिए टेंडर वोटिंग कराई गई है। अब 20 दिसंबर को 928 में से 910 वकील मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। 21 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

# इन्वेस्टेक ने अंबुजा सीमेंट्स को 950 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ दी 'बाय' रेटिंग

मुंबई ,18 दिसंबर । ग्लोबल बैंकिंग और वेल्थ मैनेजमेंट ग्रुप इन्वेस्टेक ने बुधवार को अंबुजा सीमेंट्स को बाय रेटिंग दी है।



साथ ही 950 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है, जो कि अनुमानित मौजूदा प्राइस 577 रुपये से 65.1 प्रतिशत अधिक है।एक नोट में, इन्वेस्टेक ने लिखा कि उसे प्रबंधन में सहजता महसूस होती है, जो अपने विकास और,लागत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चल रही पहलों की पुष्टि करता है।इन्वेस्टेक ने कहा, ग्रोथ पाइपलाइन, लीज एक्सपायर, एसीईएम (अंबुजा सीमेंट्स) में प्रमोटर की आर्थिक रुचि को ध्यान में रखते हुए, हम एसीसी के बजाय एसीईएम को प्राथमिकता देते हैं। हम इस क्षेत्र के लिए कंसोलिडेशन, सस्टेनेबिलिटी, ईएसजी को प्रमुख विषयों के रूप में उजागर करते हैं और पाते हैं कि एसीईएम लाभ प्राप्त करने के लिए सबसे उपयुक्त है।

कंसोलिडेशन, स्ट्रीमलाइन ऑपरेशन और विशाल उत्पादन क्षमता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अंबुजा सीमेंट बाजार में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है और निवेशकों और हितधारकों के लिए एक बेहतर भविष्य आगे बना हुआ है।

अंबुजा सीमेंट्स के बोर्ड ने मंगलवार को अपनी हाल ही में अधिग्रहीत संस्थाओं सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड और पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के विलय को अलग–अलग व्यवस्था योजनाओं के जरिए मंजूरी दे दी।अदाणी समूह की प्रमुख सीमेंट कंपनी, 10 रुपये फेस वैल्यू वाले सांघी इंडस्ट्रीज के प्रत्येक 100 इक्विटी शेयरों के लिए 2 रुपये फेस वैल्यू के 12 इक्विटी शेयर जारी करेगी।

एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, सांघी इंडस्ट्रीज के पात्र शेयरधारक अंबुजा सीमेंट्स के शेयरधारक बन जाएंगे। इसमे आगे कहा गया है कि अपेक्षित अप्रूवल के अधीन, लेनदेन 9–12 महीनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

अंबुजा सीमेंट्स के पास सांघी इंडस्ट्रीज में 58.08 प्रतिशत हिस्सेदारी है और वह पेन्ना सीमेंट का पूर्ण स्वामित्व रखती है।

इन्वेस्टेक के अनुसार, यह कदम संगठनात्मक संरचना को सुव्यवस्थित करेगा, अनुपालन आवश्यकताओं को सरल करेगा और आरपीटी (लेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन) को खत्म करेगा।

2023 में 5,000 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर अंबुजा द्वारा अधिग्रहित सांघी इंडस्ट्रीज की क्लिंकर कैपेसिटी 6.6 मिलियन टन प्रति वर्ष, सीमेंट क्षमता 6.1 एमटीपीए और चूना पत्थर भंडार एक बिलियन टन है।

इसका सांघीपुरम प्लांट भारत की सबसे बड़ी सिंगल–लोकेशन सीमेंट और क्लिंकर यूनिट है, जिसमें कैप्टिव जेटी और कैप्टिव पावर प्लांट है।

अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के सीईओ अजय कपूर के अनुसार, विलय का उद्देश्य अंबुजा सीमेंट्स को अधिक प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाना है, जिसमें बेहतर कार्यशील पूंजी प्रबंधन और व्यवसाय विकास का समर्थन करने के लिए आंतरिक निधि शामिल है।

# अमेरिकी फेड मीटिंग के फैसले से पहले सपाट खुला भारतीय शेयर बाजार



मुंबई ,18 दिसंबर । भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट खुले, क्योंकि निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय का इंतजार कर रहे हैं।

सुबह करीब 9रू33 बजे, सेंसेक्स 33.01 अंक या 0.04 प्रतिशत की गिरावट के बाद 80,651.44 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 7.25 अंक या 0.03 प्रतिशत की गिरावट के बाद 24,328.75 पर कारोबार कर रहा था।

बाजार का रुख नकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 882 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,306 शेयर लाल निशान में थे।

वैश्विक बाजारों का ध्यान फेड द्वारा आज रात आने वाले निर्णय पर रहेगा। बाजार द्वारा 25 आधार अंकों की दर कटौती की कीमत लगाई गई है।बाजार के जानकारों ने कहा, बाजार का ध्यान आज फेड की टिप्पणी पर रहेगा। भारतीय बाजार में एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति व्यापक बाजार से बेहतर प्रदर्शन है, जहां अच्छे नतीजों की बाजार में सराहना हो रही है और एफआईआई की बिकवाली की कोई चिंता नहीं है।

निफ्टी बैंक 152.85 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,681.95 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 201.35 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के बाद 58,900.55 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 52.05 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट के बाद 19,346.40 पर था।सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। वहीं, सन फार्मा, एचसीएलटेक, टेक महिंद्रा, टीसीएस, आईटीसी, भारती एयरटेल और एमएंडएम टॉप गेनर्स थे।

एशियाई बाजारों में जापान और बैंकॉक को छोडकर चीन, हांगकांग, सोल और जकार्ता के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

अमेरिकी शेयर बाजारों पिछले कारोबारी सत्र में नैस्डैक कंपोजिट और एसएंडपी 500 क्रमशरू 0.32 फीसदी और 0.39 प्रतिशत नीचे बंद हुए और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.61 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 17 दिसंबर को 6,409.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,706.48 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।जानकारों ने कहा, निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कमजोर हो गई है, क्योंकि एफआईआई तेजी के दौरान बिकवाली कर रहे हैं। दिसंबर की शुरुआत में एफआईआई की खरीदारी का रुझान, जैसा कि आशंका थी, कुछ समय भर के लिए ही था। कल नकद बाजार में एफआईआई द्वारा 6410 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली से संकेत मिलता है कि बाजार में उछाल के कारण और अधिक बिकवाली की संभावना है।

# मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर नवंबर में आए 47 लाख से ज्यादा यात्री, कार्गो वाल्यूम 11 प्रतिशत बढ़ा



मुंबई ,18 दिसंबर । मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट–सीएसएमआईए) पर नवंबर 2024 में यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ। इस दौरान करीब 47.7 लाख यात्री एयरपोर्ट पर आए, इसमें से 34 लाख घरेलू और 13.7 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री थे।बीते महीने सीएसएमआईए ने 27,200 एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (विमानों की आवाजाही) को संभाला। इसमें से 19,696 घरेलू एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (मालवाहक विमानों को मिलाकर) थे, जबकि 7,504 अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (मालवाहक विमानों को मिलाकर) थे।सीएसएमआईए द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि बीते महीने 27 नवंबर सबसे व्यस्त दिन था। इस दिन एयरपोर्ट ने एक ही दिन में 941 फ्लाइट्स को संभाला। नवंबर के मजबूत प्रदर्शन के पीछे की वजह त्योहारी सीजन के कारण बड़ी संख्या में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल था।एयरपोर्ट के मुताबिक, घरेलू स्तर पर दिल्ली, बेंगलुरु और गोवा शीर्ष गंतव्य थे, जबकि दुबई, अबू धाबी और लंदन शीर्ष अंतरराष्ट्रीय गंतव्य थे।सीएसएमआईए ने नवंबर 2024 में 71,046 मीट्रिक टन (एमटी) कार्गो संभाला है। इसमें से 18,653 एमटी कार्गो घरेलू था, जबकि 52,393 एमटी अंतरराष्ट्रीय कार्गो था। नवंबर 2023 में यह आंकड़ा 63,924 एमटी था। इसमें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है।घरेलू स्तर पर एयरपोर्ट पर आने जाने वाले सामानों में इंजीनियरिंग गुड्स शीर्ष पर थे। अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट में ऑटोमोबाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स शीर्ष पर थे। कार्गो में घरेलू स्तर पर दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता शीर्ष गंतव्य स्थान थे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुबई, फ्रैंकफर्ट और लंदन शीर्ष गंतव्य स्थान थे।सीएसएमआईए पर नवंबर 2024 में कार्गो एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स की संख्या 699 थी। इसमें से 349 घरेलू एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स थे, जबकि 350 इंटरनेशनल एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स थे।

# जो रूट ने एक हफ्ते में हैरी ब्रूक से छीनी टेस्ट की बादशाहत, ये खिलाड़ी बना नंबर वन टी20 गेंदबाज

आईसीसी बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को टेस्ट और टी20 प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट फिर से नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एक हफ्ते में हमवतन हैरी ब्रूक से बादशाहत छीन ली। रूट के खाते में फिलहाल 895 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड वर्सेस न्यूजीलैंड तीसरे टेस्ट में 54 और 32 रन की पारी खेली थी। वहीं ब्रूक का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। उन्होंने मैच में महज एक रन बनाया। उनका पहली पारी में खाता नहीं खुला था। ब्रूक 876 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उन्हें 22 अंकों का नुकसान हुआ।

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट में शानदार शतक जमाया था और न्यूजीलैंड ने 434 रनों से विशाल जीत दर्ज की। विलियमनस 33वीं टेस्ट सेंचुरी ठोकने के बाद रूट से 28 रेटिंग अंक पीछे हैं। उनके 867 अंक हैं। टॉप–10 में भारत के दो बल्लेबाज हैं। यशस्वी जायसवाल चौथे और ऋषभ पंत नौवें नंबर पर हैं। भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में सेंचुरी मारने वाले ट्रैविस हेड पांचवें नंबर पर हैं। भात के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 20वें और कप्तान रोहित शर्मा 30वें स्थान पर मौजूद हैं। वहीं वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नए नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। उनके 707 अंक हो गए हैं। वह इंग्लैंड के आदिल रशीद को पछाड़कर टॉप पर पहुंचे हैं। रशीद के खाते में 701 अंक हैं और अब दूसरे नंबर पर हैं। अकील ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में 13 रन देकर 2 विकेट चटाकए थे।

# स्पैम टेलीमार्केटिंग मैसेज किए जा रहे ब्लाक, ग्राहकों को नहीं आएगी परेशानी

नई दिल्ली ,18 दिसंबर । टेलीकॉम ऑपरेटर उन मैसेज को ब्लॉक कर रहे हैं, जिनके पास सरकार के निर्देश के अनुसार कोई परिभाषित या मेल खाने वाली टेलीमार्केटर सीरीज नहीं है। इस कदम को श्स्पैम फ्री कम्युनिकेशनश सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है।




भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के 20 अगस्त 2024 को जारी निर्देश के अनुसार, प्रमुख संस्थाओं (पीई) द्वारा भेजे गए सभी कमर्शियल मैसेज को अब पूरी तरह से ट्रेस किया जा सकेगा।

टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) और स्टेक होल्डर्स द्वारा किए गए व्यापक प्रारंभिक कार्य को देखते हुए, इस सक्रिय उपाय से ग्राहकों की असुविधा को कम किए जाने की उम्मीद है।सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक पीई, जो कमर्शियल ट्रैफिक का बहुमत रखते हैं, ने सफलतापूर्वक अपनी सीरीज रजिस्टर्ड करवा ली है।कोचर ने एक बयान में कहा, ग्राहकों की किसी भी तरह की बाधा को कम करने के लिए टीएसपी ने 1 नवंबर, 2024 से लॉगर मोड में पीई–टीएम बाइंडिंग शुरू की।उन्होंने आगे बताया कि फेज के दौरान, ट्रैफिक को हैश मिसमैच या अनरजिस्टर्ड चेन की वजह से ब्लॉक नहीं किया गया, जिससे टीएसपी को पीई संस्थाओं और टेलीमार्केटर्स के साथ मिलकर विफलताओं की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने की अनुमति मिली।सीओएआई महानिदेशक ने कहा, इस आयोजन में विभिन्न बैठकें और कई वेबिनार शामिल थे, जिनमें बीएफएसआई, बीमा, राज्य और केंद्र सरकार के निकायों सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे चेन रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पर जागरूकता की सुविधा मिली, हैशिंग फंक्शन के लिए टेक्निकल बदलावों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया और अन्य परिचालन आवश्यकताओं को संबोधित किया गया।सारे सामूहिक प्रयास कमर्शियल मैसेज की ट्रेसबिलिटी और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है।कोचर ने कहा, यह पहल न केवल उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी और अनचाहे कमर्शियल मैसेज से बचाएगी, बल्कि संचार नेटवर्क में विश्वास भी बढ़ाएगी।

# मोहम्मद शमी आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे आखिरी दो मैच? रोहित शर्मा ने दिया ये जवाब

***रोहित शर्मा ने प्रेस कन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि एनसीए से कोई उसके बारे में बात करे। वह हमारी राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी है जहां वह रिहैब कर रहा है। उन लोगों को आगे आकर हमें कुछ अपडेट देने की जरूरत है।***




टीम इंडिया मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। वहीं भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट ड्रॉ करा लिया। इस मैच में जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की वहीं अन्य गेंदबाजों को मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में मोहम्मद शमी की वापसी की मांग की जाने लगी। हालांकि, टेस्ट के बाद रोहित शर्मा ने शमी की वापसी को लेकर कहा कि वह कोई जल्दबाजी नहीं चाहते।

रोहित शर्मा ने कहा कि वह शमी का टीम में स्वागत करने को तैयार है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एनसीए उन्हें इस बारे में साफ तौर पर बताए। भारतीय कप्तान के मुताबिक शमी घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन अब भी उन्हें कुछ तकलीफें है।

गाबा टेस्ट के बाद रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि एनसीए से कोई उसके बारे में बात करे। वह हमारी राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी है जहां वह रिहैब कर रहा है। उन लोगों को आगे आकर हमें कुछ अपडेट देने की जरूरत है। लेकिन देखिए, मैं समझता हूं कि वह काफी खेल रहा है घरेलू क्रिकेट में, लेकिन उसके घुटने के बारे में भी कुछ शिकायतें हैं। हम नहीं चाहते हैं कि वह यहां आए और उन्हें कोई परेशानी हो। रोहित ने बात जारी रखते हुए कहा कि, जब तक हम सौ प्रतिशत नहीं, 200 प्रतिशत आश्वस्त न हों तब तक हम किसी भी तरह से ये मौका नहीं लेना चाहेंगे। हम कोई जोखिम नहीं लेने जा रहे हैं। लेकिन हां जैसे कि मैंने पिछली प्रेस कॉफ्रेंस में कहा था, दरवाजा खुला है। अगर एनसीए में उन लोगों को लगता है कि उसका जाना और ठीक होना और खेलना ठीक है तो मुझे उसे टीम में शामिल करने में खुशी होगी।

# मारुति सुजुकी इंडिया ने पहली बार एक कैलेंडर वर्ष में बेचे 20 लाख वाहन



नई दिल्ली ,18 दिसंबर । मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया कि कैलेंडर ईयर में कंपनी ने पहली बार 20 लाख वाहनों की बिक्री की है। ऑटोमोबाइल कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की ग्लोबल ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं में मारुति सुजुकी इंडिया इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाली पहली कंपनी बन गई। 20 लाख वाहनों में से लगभग 60 प्रतिशत हरियाणा में और 40 प्रतिशत गुजरात में बनाए गए हैं।मारुति सुजुकी इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर, हिसाशी ताकेउची ने कहा,प्रोडक्शन का आंकड़ा 20 लाख यूनिट्स तक पहुंचना भारत की मैन्युफैक्चरिंग की क्षमता को दिखाता है और श्मेक इन इंडियाश पहल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।ताकेउची ने कहा, यह उपलब्धि हमारे आपूर्तिकर्ता और डीलर भागीदारों के साथ मिलकर आर्थिक विकास को गति देने, राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने और भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग को आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।भारत से कुल यात्री वाहन निर्यात में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। कंपनी दुनिया भर के लगभग 100 देशों को 17 मॉडल निर्यात करती है।मारुति सुजुकी के पास भारत में तीन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं, जिसमें से दो हरियाणा (गुरुग्राम और मानेसर) और गुजरात (हंसलपुर) में है।इन तीन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स की संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.5 लाख यूनट्सि है।कंपनी की योजना अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 40 लाख यूनिट्स करने की है। इसके लिए कंपनी हरियाणा के खरखौदा में ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग सुविधा स्थापित कर रही है।कंपनी ने बताया कि खरखौदा साइट पर निर्माण कार्य योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है और 2.50 लाख यूनिट की वार्षिक क्षमता वाला पहला प्लांट 2025 में चालू होने की उम्मीद है।कंपनी ने कहा कि एक बार पूरी तरह से चालू हो जाने पर खरखौदा सुविधा की क्षमता प्रति वर्ष 1 लाख यूनिट्स होगी।

# टूर्नामेंटों में ज्यादा खिलाड़ियों के साथ टीम भेजने के बारे में सीएसी से बात कर रहा हूं : Rohan Jaitley

नयी दिल्ली । दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष चुनाव में बड़ी जीत के बाद रोहन जेटली ने क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) से विवरण मांगा है कि बीसीसीआई आयु–समूह के विभिन्न टूर्नामेंटों के लिए खिलाड़ियों की बड़ी संख्या के साथ दिल्ली की टीमों को क्यों भेजा जा रहा है। दिवंगत राजनेता अरुण जेटली के बेटे 35 वर्षीय रोहन को 1,577 वोट मिले, जबकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी और पूर्व भारतीय खिलाड़ी कीर्ति आजाद को 777 वोट मिले।आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभालने के बाद रोहन ने कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि विभिन्न आयु वर्ग के आयोजनों के लिए 25 से 30 तक की संख्या में बड़ी टीमें भेजी गई हैं। क्रिकेट सलाहकार समिति में भारत के पूर्व खिलाड़ी गुरशरण सिंह और निखिल चोपड़ा शामिल हैं। जेटली ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, " जब मुझे पता चला कि इतने सारे खिलाड़ी यात्रा कर रहे हैं तो मैंने क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) से बात की। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि मामले पर गौर किया जा रहा है।" जेटली ने एक हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी) का वादा किया जहां खिलाड़ियों को एक मजबूत प्रतिभा पहचान प्रणाली से चुना जाएगा।उन्होंने कहा, " हम एक हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी) की उम्मीद कर रहे हैं जहां हमारे प्रतिभा पहचान करने वालों द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।" रोहन ने कहा, "हम अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जमीनी स्तर पर विशेष रूप से स्कूल स्तर के क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते हैं।" उन्होंने मौजूदा



फिरोज शाह कोटला के अलावा दिल्ली में एक नया स्टेडियम स्थापित का महत्वाकांक्षी दावा किया, लेकिन यह नहीं बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के किस हिस्से में इतने बड़े स्टेडियम के लिए जमीन खाली है।चुनावों से पहले आजाद ने डीडीसीए में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाये थे लेकिन जेटली ने उनके आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह तीन साल से चुप क्यों थे , चुनाव से एक महीने पहले ही उन्होंने आरोप लगाना क्यों शुरू किया। जेटली ने कहा, " अगर कोई समस्या या विसंगति थी तो पिछले तीन साल में इन्हें क्यों नहीं उठाया गया? आपको 30 दिन पहले चुनाव को ध्यान में रखकर ऐसे मुद्दे नहीं उठाने चाहिये जो अस्तित्व में ही नहीं थे।" उन्होंने कहा कि अगर आजाद उनकी समिति की मदद करने के इच्छुक हैं तो वह हमेशा उनके सुझाव का स्वागत करेंगे।

# रिवीलिंग गाउन पहन प्रज्ञा जैसवाल ने शेयर किया हाट लुक, एक्ट्रेस की हर अदा पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी बोल्डनेस देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने भले ही कम फिल्मों में काम किया है, लेकिन आए दिन अपनी खूबसूरती से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने गोल्डन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल लुक कर के, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।प्रज्ञा जैसवाल की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं वो कैमरे के सामने एक से बढकर एक किलर लुक में पोज देती हुई हॉट पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी ये कातिल अदाएं देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। प्रज्ञा जैसवाल जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

# संजीदा शेख ने वेब सीरीज हीरामंडी 2 पर दिया बड़ा अपडेट, बोलीं- सब कलाकार तैयार हैं



संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज हीरामंडीरू द डायमंड बाजार को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।यह 1 मई, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई और इसमें कुल 8 एपिसोड थे। हीरामंडी की अपार सफलता के बाद इसके सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है।अब सीरीज में वहीदाजान का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री संजीदा शेख ने हीरामंडी 2 पर बड़ा अपडेट दिया है, जिसे जानकर प्रशंसक बेहद खुश हो जाएंगे।

संजीदा ने बताया कि हीरामंडी का दूसरा सीजन पहले से अधिक बड़ा और बेहतर होने वाला है।उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हीरामंडी का सीक्वल और बेहतर और बड़ा होगा। मुझे नहीं पता कि हम कब शूटिंग शुरू करेंगे, लेकिन सीरीज के दूसरे भाग के लिए सभी कलाकार तैयार हैं। जब संजय लीला भंसाली सर की बात आती है तो वह सच में महान हैं।

हीरामंडी की कहानी आजादी से पहले लाहौर में स्थित एक वैश्यालय पर आधारित है। इसमें तवायफों के जीवन में प्यार, धोखा, राजनीति को दर्शाया गया है। इसके साथ ही आजादी में उनके योगदान को भी दिखाया गया है।इस सीरीज में मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा और शरमीन सहगल मुख्य भूमिकाओं में हैं।भंसाली की सीरीज को जरिए फरदीन खान ने 14 साल बाद अभिनय की दुनिया में वापसी की है।

# बार्डर 2 की शूटिंग के लिए तैयार सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत



सनी देओल की आगामी फिल्म बॉर्डर 2 अगले साल फ्लोर पर उतरने के लिए तैयार है. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में है. अधिकारियों के अनुसार, बॉर्डर 2 की शूटिंग 2025 की पहली तिमाही के दौरान जम्मू और कश्मीर में शुरू होने वाली है. 23 जनवरी, 2026 को रिलीज होने वाली यह फिल्म, जिसे केसरी फेम अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है, जेपी दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है.

1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध पर आधारित इस फिल्म की शूटिंग पहले इस साल नवंबर में शुरू होनी थी. लेकिन, लॉजिस्टिक के कारण, प्रोडक्शन टीम ने इसे अगले साल की शुरुआत तक के लिए पोस्टपोन करने का फैसला किया है. फिल्म मेकर जेपी दत्ता और उनकी बेटी निधि दत्ता ने अपनी टीम के माध्यम से शूटिंग करने के लिए परमिशन ले लिया है. जम्मू–कश्मीर पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है.

अधिकारी ने बताया है, वे कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और राजौरी–पुंछ सेक्टर के पास फिल्म की शूटिंग करने का प्लान कर रहे हैं. साथ ही उत्तराखंड के देहरादून में एडिशनल सीन शेड्यूल किए गए हैं. टीम को जम्मू–कश्मीर में सभी आवश्यक विभागों से मंजूरी मिल गई है, लेकिन एलओसी के पास सेना के जवानों के साथ सहयोग की आवश्यकता वाले सीन के कारण भारतीय सेना से अंतिम अनुमति का अभी भी इंतजार है. अधिकारी ने यह भी बताया कि प्रोडक्शन टीम एक पूर्व आर्मी मेजर से सलाह ले रही है ताकि युद्ध की घटनाओं को दिखाते समय हिस्टोरिकल एक्यूरेसी बना रहे.

इस बीच, पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने कश्मीर में बिताए अपने हसीन पल की कुछ झलकियां साझा की हैं. उन्होंने जिस एरिया का वीडियो शेयर किया है, उसे धरती पर स्वर्ग कहा जाता है. उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक खानकाह–ए–मौला मंदिर का दौरा किया, जहां उन्होंने मंदिर के आध्यात्मिक माहौल के शांत सीन साझा किए.

सोशल मीडिया पर सुकून नाम के एक वीडियो में, दिलजीत ने मंदिर के लॉन पर अपने चिंतन करते हुए नजर आए. इसके अलावा वह स्थानीय कारीगरों के साथ बातचीत करते हुए दिखे थे. हालांकि, उनकी टीम का दावा है कि दिलजीत अपने पर्सनल काम के लिए कश्मीर में हैं.

# शिवांगी वर्मा की प्रेम कहानी



, क युवा एक्ट्रेस ने 40 साल बड़े एक्टर गोविंद नामदेव के साथ एक फोटो शेयर करके प्यार का इजहार किया, तो जगजीत सिंह की मशहूर गजल की पंक्तियां अचानक दिमाग में कौंध गईं। यह गजल सुनकर पता लगता है कि दुनिया की नजर में एक बेमेल जोड़ी, क्यों प्यार में पड़ जाती हैएक्ट्रेस शिवांगी वर्मा ने गोविंद नामदेव के साथ अपनी फोटो शेयर करके जिस तरह अपने जज्बात बयां किए हैं, उसे जानने के बाद लोग उन्हें गर्लफ्रेंड–ब्वॉयफ्रेंड समझने लगे हैं। लोग एक्ट्रेस को ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर लिखता है, इसलिए पैसा जरूरी है। दूसरे यूजर ने पूछा, क्या आपके ब्वॉयफ्रेंड हैं? शिवांगी वर्मा के कुछ फैंस ने हैरानी जताते हुए पूछा, क्या आप शादी करने वाले हैं? एक अन्य यूजर उनकी फोटो पर तंज कसते हुए कहता है, पैसा है तो न उम्र, न कोई सीमा।

दरअसल, गोविंद नामदेव के साथ उनकी एक फिल्म आने वाली है। कॉमेडी फिल्म में दोनों एक–दूसरे के अपोजिट नजर आएंगे, जिसे लेकर शिवांगी वर्मा काफी रोमांचित भी हैं। शिवांगी ने अपने किरदार के बारे में कहा, रोल मेरी रियल लाइफ पर्सनैलिटी से काफी अलग है। 31 साल की शिवांगी वर्मा फिल्म को लेकर इसलिए भी एक्साइटेड हैं, क्योंकि उन्हें गोविंद नामदेव और बृजेंद्र काला जैसे दिग्गजों के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है। वे कहती हैं, मैंने रोल के लिए एक ऑडिशन और एक लुक टेस्ट दिया था। चूंकि मेरा रोल मेरी असली शख्सियत से काफी अलग है, इसलिए मुझे खुद को मानसिक रूप से तैयार करना पड़ा। किरदार को समझने के लिए मैंने टीम, निर्देशक और लेखक के साथ वक्त बिताया। गोविंदा नामदेव बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर हैं, जिन्होंने ज्यादा फिल्मों में विलेन के रोल निभाए हैं।

# पुष्पा 2 ने किया 1400 करोड़ रु का आंकड़ा पार, अब ओटीटी पर इस दिन रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की फिल्म



पुष्पा 2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का ढेर लगा दिया है. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 12 दिन पूरे कर लिए हैंऔर फिल्म ने इन 12 दिनों में 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है इस बीच पुष्पा 2 के ओटीटी पर रिलीज होने की डेट की खबरेंआ गई हैं सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि फिल्म पुष्पा 2 आगामी जनवरी 2025 में रिलीज होने जा रही है फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 12वें दिन कितनी कमाई की और फिल्म ओटीटी पर कब आएगी आइए जानते हैं

बता दें, पुष्पा 2 ने अपने दो हफ्ते पूरे करने से पहले ही 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया है वहीं, फिल्म पुष्पा 2 भारत में 1000 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है बता दें, फिल्म पुष्पा 2 अपने दूसरे सोमवार पर धीमी पड़ती नजर आई है फिल्म में पुष्पा 2 ने अपने दूसरे सोमवार महज 27.75 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे कम कारोबार किया है फिल्म पुष्पा 2 की कमाई में 63.77 फीसदी की गिरावट दर्ज की है फिल्म ने बीते रविवार को 76.6 करोड़ रुपये कमाए थे वहीं, भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 930.4 करोड़ रुपये । हो गया है और वर्ल्डवाइड फिल्म ने 1409 करोड़ रुपये का कमा लिए हैं

बता दें, पुष्पा 2 के ओटीटी पर रिलीज होने की खबर तेजी से फैल गई है कहा जा रहा है कि फिल्म पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर 23 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. हालांकि अभी ऑफिशियल ऐसा कुछ भी क्लियर नहीं हुआ है. वहीं, रिलीज से पहले पुष्पा 2 अपने डिजिटल राइट्स करोड़ों रुपे में बेच चुकी है. गौरतलब है कि पुष्पा 2 अपनी रिलीज के दो महीने के अंदर के ही ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है.

# अक्षय कुमार की स्काई फोर्स से लीक हुआ सारा अली खान और वीर पहाडिया का वीडियो, डांस करते दिखे

अक्षय कुमार की स्काई फोर्स देशभक्ति पर आधारित फिल्म है। यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले गढ़वाली गाने का बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया है, जिसमें वीर और सारा अली खान डांस मूव्स करते नजर आ रहे हैं।

निर्देशक संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर द्वारा अपनी पहली निर्देशित देशभक्ति फिल्म स्काई फोर्स को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म स्काईफोर्स के सेट से गढ़वाली गाने पर सारा अली खान और वीर पहाडिया के डांस का एक वायरल वीडियो ऑनलाइन छाया हुआ है। इस वायरल वीडियो में सारा अली खान और वीर पहाडिया को गढ़वाली गाने पर थिरकते और डांस करते देखा जा सकता है। दोनों एक बौद्ध मंदिर के सामने बैकग्राउंड डांसर्स के साथ ताल से ताल मिलाते हुए नाचते नजर आ रहे हैं। सारा फ्लोरल वर्क वाली सफेद साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं जबकि वीर सूट में बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। इस गाने को मसूरी के कुछ सबसे खूबसूरत जगहों पर फिल्माया जा रहा है।रिपोर्ट्स के अनुसार, दिनेश विजान की प्रोडक्शन टीम ने अपनी प्रमोशनल रणनीति के तहत स्काई फोर्स में अक्षय कुमार, निमरत कौर और वीर पहारिया के साथ एक स्पेशल गाना शामिल किया है। इस गाने को जोडने का उद्देश्य एक ऐसा गीत और संगीतमय अनुभव तैयार करना है, जो दर्शकों को बांधे रखेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान दिनेश विजान, अमर कौशिक और टीम का मानना है कि स्काई फोर्स गणतंत्र दिवस के दौरान रिलीज के लिए बिल्कुल सही है

# हिट द थर्ड केस के सेट से नानी की तस्वीर वायरल, फिल्म के लिए अभिनेता ने अपनाया यह खास लुक

साउथ के नेचुरल स्टार नानी इस समय कई रोमांचक प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं और उनकी आने वाली फिल्म हिटरू द थर्ड केस काफी चर्चा बटोर रही है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग के कश्मीर शेड्यूल से एक्टर की एक तस्वीर वायरल हुई है। फोटो में उन्हें एक अनोखे सॉल्ट–एंड–पेपर हेयरस्टाइल और दाढ़ी में देखा जा सकता है, जिसने प्रशंसकों और दर्शकों का ध्यान खींचा।

तस्वीर में अभिनेता अपने नए और अनोखे स्टाइल में नजर आए। तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया गया। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हिट 3 कश्मीर शेड्यूल के लिए नानी का लेटेस्ट लुक। उन्हें एक गर्म सफेद जैकेट पहने देखा जा सकता है, इसे टी–शर्ट और जींस के साथ पेयर करते हुए उनके भूरे बाल हैं। यह तस्वीर शूटिंग के कश्मीर शेड्यूल की है।

वह हिट फ्रेंचाइजी में शामिल होने वाले तीसरे अभिनेता हैं, जिसमें पहले विश्वक सेन और अदिवी सेश जैसे अभिनेताओं ने अभिनय किया था। इससे पहले 5 सितंबर को नानी के किरदार अर्जुन सरकार का पहला लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें मामलों को सुलझाने के एक अनोखे तरीके के साथ एक आक्रामक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया था। इंस्टाग्राम पर अपने लुक का परिचय देते हुए उन्होंने लिखा, पुलिस कम। अपराधी ज्यादा। अर्जुन सरकार ने कार्यभार संभाला। नानी 32 अब हिट द थर्ड केस है। खून के दरवाजे 1 मई 2025 को खुलेंगे।



फिल्म में उनके किरदार से पता चलता है कि वह पुलिस वाले से कम और अपने तरीके से मामलों को सुलझाने वाले अपराधी से ज्यादा होंगे। सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रशंसक अभिनेता को इस नए अवतार में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।